(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

सामाजिक समरसता ...4




लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रविवार, 10 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 111 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## भारतीयों का मानना है कि सभी अंतरराष्ट्रीय विवादों का हल बातचीत के जरिए हो : ओम बिरला


गुवाहाटी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारतीय सांस्कृतिक लोकाचार दुनिया को एक वैश्विक परिवार के तौर पर देखता है और भारतीयों का मानना है कि सभी अंतरराष्ट्रीय विवादों का समाधान बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए लंबित मुद्दों का हल करने के वास्ते अन्य देशों के साथ नियमित तौर पर वार्ता करता है। यहां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की कार्यकारी समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा, ''हमारा भारतीय सांस्कृतिक लोकाचार दुनिया को एक वैश्विक परिवार के तौर पर देखता है। हमारा मानना है कि सभी अंतरराष्ट्रीय समस्याओं को बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए।''



उन्होंने कहा, ''विकास के लिए शांति और स्थिरता आवश्यक है। इसलिए भारत लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अन्य देशों के साथ नियमित तौर पर वार्ता करता है।'' बिरला ने उम्मीद जताई कि दो दिवसीय बैठक के दौरान विचार–विमर्श से सदस्य देशों को अपने–अपने देशों में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को आगे ले जा रहा है और चुनाव प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर मतदाताओं की भागीदारी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, ''गांव स्तर के निकायों से लेकर संसद तक हमारी सभी स्तरों पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसमें 90 करोड़ मतदाता भाग लेते हैं..भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।''

## दिल्ली: आजाद मार्केट में भीषण आग लगने से कई दुकानें हुई राख, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं


दिल्ली के आजाद बाजार इलाके में शनिवार सुबह कुछ



दुकानों में आग लग गई और बाद में तीन इमारतों में फैल गई। हालांकि अब आग पर काबू पा लिया गया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।जानकारी के मुताबिक, एलपीजी सिलेंडर में आग लगने की वजह से यह हादसा हुआ है। दिल्ली फायर सर्विस के डिविजनल फायर ऑफिसर राजिंदर अटवाल ने कहा कि, आजाद मार्केट में कुछ दुकानों में लगी आग पर 20 दमकल गाड़ियों की मदद से काबू पा लिया गया। आग 3 इमारतों में फैल गई थी।अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## जामिया मस्जिद में नमाज के बाद लगाए गए आजादी के नारे, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 13 लोगों को किया गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में एक बार फिर से माहौल खराब करने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। बीते दिनों जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद कथिततौर पर आजादी के नारे लगाए गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि आजादी के नारे लगाने वालों के खिलाफ जम्मू–कश्मीर पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने नारेबाजी से जुड़े मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों की तस्वीरें भी साझा की है। माहौल खराब करने की हुई कोशिश: जामिया मस्जिद श्रीनगर की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है। इस मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कथिततौर पर आजादी के नारे लगाए गए। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे 27 सेकेंड के वीडियो में कुछ लोग श्हम क्या चाहते... आजादीश और श्नारा–ए–तकबीर... अल्लाह–हू–अकबरश के नारे लगाए। हालांकि कथिततौर पर नारेबाजी करके माहौल को खराब करने की कोशिशों में जुटे लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोरोना संक्रमण के मामलों में गिरावट के बाद मार्च 2022 को जामिया मस्जिद आम लोगों के लिए खुली। सात महीने से भी अधिक समय बाद जामिया मस्जिद में 4 मार्च दिन शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की गई और रमजान को देखते हुए प्रशासन ने मस्जिद को पूरी तरह से आम लोगों के लिए खोलने का निर्णया लिया था।



## तृणमूल नेता की हत्या के कारण हुआ बीरभूम हत्याकांड : सीबीआई रिपोर्ट

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम हत्याकांड पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि




नरसंहार सुनियोजित और संगठित तरीके से किया गया था और यह घटना तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता भादु शेख की हत्या का सीधा नतीजा थी। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने 20 से अधिक पृष्ठों की रिपोर्ट में यह भी कहा है कि बोगतुई गांव में जिन सात लोगों के जले हुए शव बरामद किए गए थे, उन्हें जिंदा जलाने से पहले उन पर हमला किया गया था।'' सीबीआई रिपोर्ट की एक प्रति 'पीटीआई' को मिली है जिसमें कहा गया है, बोगतुई में आग लगाने और हत्या करने की नृशंस घटना उसी दिन (21 मार्च) रात साढ़े आठ बजे भादू शेख नामक व्यक्ति की हत्या का सीधा नतीजा है। इसमें कहा गया है कि भादु शेख की हत्या के बाद, उसके करीबी सहयोगी और उसके समूह के सदस्य हिंसक हो गए और वे गैरकानूनी तरीके से एकत्र हुए तथा सुनियोजित और संगठित तरीके से प्रतिद्वंद्वी समूह के परिवार के सदस्यों के घरों को जला दिया तथा उनकी हत्या कर दी। सीबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो समूहों के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही थी और उनमें से एक समूह भादू शेख का था और दूसरा समूह पलाश शेख तथा सोना शेख का था। रिपोर्ट में कहा गया है, '' प्रतिद्वंद्वी समूहों के समर्थकों के घरों को जलाने और परिवार के सदस्यों को मारने की योजना में, पलाश शेख और अन्य के घरों में आग लगा दी गयी थी... प्रतिद्वंद्वी समूहों से संबंधित परिवार के सात सदस्यों और रिश्तेदारों पर हमला किया गया और सोना शेख के घर में उन्हें जिंदा जला दिया गया... दो अन्य लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि दोनों समूह के बीच प्रतिद्वंद्विता का कारण स्थानीय क्षेत्र में प्रभुत्व के लिए उनकी दुश्मनी और वाणिज्यिक वाहनों तथा अन्य अवैध गतिविधियों से धान के अवैध संग्रह से आय पर नियंत्रण'' था। पिछले महीने हुई इस घटना में नौ लोगों की झुलसने से मौत हो गई थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली और 25 मार्च को मामला दर्ज किया। जांच एजेंसी ने एक दिन पहले ही इन हत्याओं के सिलसिले में मुंबई से चार लोगों को गिरफ्तार किया था। तृणमूल नेता और रामपुरहाट ब्लॉक –1 के पूर्व अध्यक्ष अनारुल हुसैन और 21 अन्य को बीरभूम पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे भी सीबीआई की हिरासत में हैं।

## दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 146 नए मामले, एक की मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 146 नए मामले सामने आए और महामारी से एक मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दर 1.39 प्रतिशत है। बुलेटिन में कहा गया कि राष्ट्रीय राजधानी में अब तक संक्रमण के 18,65,942 मामले सामने आ चुके हैं और कोविड से 26,156 मरीजों की मौत हो चुकी है। एक दिन पहले दिल्ली में कुल 10,488 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में पिछले तीन दिन से संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : पुष्कर सिंह धामी



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। धामी ने यहां पर्यटन और आतिथ्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''पर्यटन को बढ़ावा देना उत्तराखंड राज्य के आंदोलन की जड़ में था। यह हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमें अपने पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को मजबूत करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा।'' उन्होंने कहा कि 2025 में जब उत्तराखंड अपनी स्थापना की रजत जयंती मनाएगा तो राज्य पर्यटन के मामले में देश के प्रमुख राज्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अगले महीने शुरू होने वाली 'चार धाम यात्रा' तीर्थयात्रियों की संख्या के मामले में इस साल सभी रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है क्योंकि दो साल में पहली बार है कि तीर्थयात्रा बिना कोविड प्रतिबंधों के होगी। उन्होंने कहा, ''यात्रा मार्ग पर होटल और विश्राम गृह लगभग एक महीने पहले पूरी तरह से बुक हो जाते हैं और होटल व्यवसायी और टूर ऑपरेटर जिनका व्यवसाय महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ था, वे इसके प्रभाव से उबरने वाले हैं।''

## करौली कांड पर सरकार के खिलाफ किरोड़ी लाल का हल्ला बोल, दी ये सख्त चेतावनी

नई दिल्ली। राजस्थान के करौली में आगजनी और हिंसा को लेकर राजनीति तेज हो गई। सत्तारूढ कांग्रेस का कहना है कि ध्रुवीकरण की राजनीति के लिये इस तरह की साजिश रची गई थी



जबकि भाजपा ने इस पूरी घटना को सुनियोजित साजिश बताया है। इन सब के बीच करौली में कर्फ्यू की मियाद को 10 अप्रैल तक बढा दी गई है। लेकिन अब इसको लेकर भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने मोर्चा खोल दिया है। करौली जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मीणा सांकेतिक धरने पर बैठ गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने पूरे मामले में पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक निष्पक्ष कार्रवाई पूरी नहीं होती है तब तक मैं सांकेतिक धरना दूंगा। बीजेपी सांसद मीणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा मनोनित पार्षद अमीमुद्दीन और पार्षद मतलूब के नेतृत्व में सुनियोजित ढंग से पत्थरबाजी हुई थी। दोनों ही पार्षदों को स्थानीय विधायक सरकार के इशारे पर बचा रहे हैं। मीणा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि घटना के तुरंत बाद पुलिस की तरफ से दर्जन भर उपद्रवियों को पकड़ा भी गया था लेकिन स्थानीय विधायक समुदाय विशेष के कई उपद्रवियों को छुड़ाकर ले आए। इसके साथ ही मीणा ने पलायन करने वाले 195 लोगों की लिस्ट भी जारी की और कहा कि संभागीय आयुक्त अभी तक पलायन की घटना से इनकार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मरूधरा में कानून व व्यवस्था की जगह ''तालिबानी शासन'' ने ले ली है, जहां हिन्दू समुदाय पर्व और त्योहार मनाने में भी हिचकता है।

## मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद आतंकवादी घोषित, जिहाद के लिए देता है ट्रेनिंग

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक एवं 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के 'मास्टरमाइंड' हाफिज सईद के बेटे हाफिज तल्हा सईद को आतंकवादी घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना से यह जानकारी सामने आई है। अधिसूचना के मुताबिक, 46 वर्षीय हाफिज तल्हा सईद भारत और अफगानिस्तान में भारतीय हितों को निशाना बनाने के लिए लश्कर–ए–तैयबा में कारिंदों की भर्ती करने, धन जुटाने और हमलों की साजिश रचने तथा उन्हें अंजाम देने के कृत्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। इसमें कहा गया है कि वह पाकिस्तान में लश्कर–ए–तैयबा के विभिन्न ठिकानों का भी नियमित रूप से दौरा करता है और भारत, इजराइल, अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों में भारतीय हितों के खिलाफ जिहाद छेड़ने का आह्वान करने वाले बयान देता है। अधिसूचना के अनुसार, ''केंद्र सरकार का मानना है कि हाफिज तल्हा सईद आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा हुआ है और उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम 1967 (1967 का 37) के तहत आतंकवादी घोषित किया जाना चाहिए।''



मालूम हो कि मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमले का सरगना हाफिज सईद था। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे। उसे कुछ साल पहले इसी कानून के तहत आतंकवादी घोषित किया गया था और वर्तमान में वह पाकिस्तान में आतंकवाद संबंधी आरोपों में जेल की सजा काट रहा है। भारत लगातार हाफिज सईद की हिरासत की मांग करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने उसे सौंपने से इनकार कर दिया है। लश्कर–ए–तैयबा 26/11 के हमलों के अलावा भारत में कई घातक हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। इनमें से ज्यादातर हमले जम्मू–कश्मीर में हुए हैं, जिनमें पिछले कुछ वर्षों में कई नागरिक और सुरक्षाबल मारे गए हैं।

## कश्मीर में पर्यटकों की भीड़ देखकर होटल, टैक्सी वालों और टूरिस्ट गाइडों के चेहरे खिले

नई दिल्ली। कोरोना के हालात सुधरते ही जम्मू–कश्मीर में पर्यटकों की संख्या पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर दिन–रात विमानों की आवाजाही दर्शा रही है कि पर्यटन उद्योग के अच्छे दिन आ गये हैं। मार्च की ही बात कर लें तो पिछले एक दशक का रिकॉर्ड इस महीने टूट गया क्योंकि इस दौरान एक लाख 80 हजार से ज्यादा पर्यटक कश्मीर घूमने आये। यही नहीं नवरात्रि के शुरुआती छह दिनों में एक लाख 76 हजार से ज्यादा श्रद्धालु प्रसिद्ध वैष्णो देवी गुफा के दर्शन कर चुके हैं। यही नहीं इस बार अमरनाथ तीर्थयात्रियों के भी भारी संख्या में आने की संभावना है जिसके चलते तमाम तैयारियां की जा रही हैं। देश के तमाम क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के चलते लोग कश्मीर का रुख कर रहे हैं। पहले यहां हालात ठीक नहीं होने के चलते लोग ठंड का मजा लेने के लिए अन्य पहाड़ी इलाकों में चले जाते थे लेकिन इस बार कश्मीर घाटी की ही ओर हर कोई खिंचा चला आ रहा है। यहां का मनोरम मौसम और वादियां हर किसी को आकर्षित कर रही हैं तो इसके अलावा लोग ट्यूलिप गार्डन, मुगल गार्डन आदि में सेल्फियां लेते और शिकारा की सैर करके आनंद लेते देखे जा सकते हैं। पर्यटकों की संख्या को देखकर जहां होटल उद्योग से जुड़े लोग खुश हैं वहीं शिकारा वाले तथा पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य लोग भी खुश हैं। प्रभासाक्षी संवाददाता ने पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और पर्यटकों से बातचीत की तो सभी ने अपनी खुशी का इजहार किया।



दूसरी ओर, जम्मू से 42 किलोमीटर की दूरी पर जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर 'कटरा' में देश तथा विदेश के भक्तों के स्वागत की पूरी तैयारी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले छह दिनों में 1,76,174 तीर्थयात्रियों ने आधार शिविर से 12 किलोमीटर की पैदल यात्रा के बाद त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि इनमें से नवरात्र के पहले दिन दो अप्रैल को सर्वाधिक 37,381 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। इसके बाद दूसरे नवरात्र को 33,340, तीसरे दिन 29,078, चौथे दिन 27,302, पांचवें दिन 29,078 और छठे नवरात्र पर 20,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ ना हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। औसतन 27,000 से अधिक तीर्थयात्री प्रतिदिन दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। इस नौ दिवसीय महोत्सव का समापन रविवार को 'महानवमी' के दिन 'पूर्णाहुति' के साथ होगा। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हजारों तीर्थयात्रियों के प्रवाह को नियंत्रित करने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यहां नए साल पर भगदड़ मचने से 12 लोगों की जान चली गई थी।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
में सरकारी विज्ञापन, निविदा, अदालती नोटिस, सम्मान, सूचना, टेंडर प्रकाशन के लिए आज ही सम्पर्क करें।
सभी जनपदों से आवश्यकता है पत्रकारों की
सम्पादक:– दैनिक बुद्ध का संदेश
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपर:– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,बांसी- सिद्धार्थनगर

NO :- 316/4A/2022-23

## ई–निविदा सूचना

**दिनांक-** 04-04-2022

1– महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियंता, निमार्ण खण्ड,ला0नि.वि,बांसी सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश ,लोक निर्माण भिग के मार्ग में पंजीकृत श्रेणी– ''ए'' ''बी'' ''सी''एंव''डी'' (जैसा लागू हो ) पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत के दर में अधोलिखित कार्यो हेतु बिड्स आनलाइन आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत(रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियंता का पता | अधीक्षण अभियंता का पता | कार्य पूर्ण करने का समय | मुख्य अभियंता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | | बांसी–धानी विशुनपुर से पचपेड़वा सेखुई मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 36.20 | 3.62 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 2. | | रमवापुर से कुर्थिया होते हुए इमिलिया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.30 | 2.63 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 3. | सिद्धार्थनगर | परसपुर बयारा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 28.40 | 2.84 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 4. | | एस.एच.–26 पर पिरैला से देईपार मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 1.10 | 0.11 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 5. | | बांसी–डुमरियागंज से सेखुईया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 13.10 | 1.31 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 6. | | कम्हरिया सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 3.50 | 0.35 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 7. | | परसपुर बयारा से चौराबनगंवा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.60 | 1.6 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 8. | | डुमरियागंज पिरैला से गौहनियाराज मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.60 | 1.6 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 9. | सिद्धार्थनगर | ककरापोखर थुम्हवा होते हुए भग्गोभार मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 31.60 | 3.16 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 10. | | रामवृक्ष से रसूलपुर मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.80 | 1.58 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 11. | | एल0डी0 से लेहरा उर्फ रामनगर मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.40 | 0.74 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 12. | | बी0एन0के0 से डबरा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 16.80 | 1.68 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 13. | | लोहरौली पक्की सड़क से पोखरा कानूनगो मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 31.60 | 3.16 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 14. | सिद्धार्थनगर | पड़री घोसियारी गौहनिया से जामडीह मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 10.60 | 1.06 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 15. | | एल0डी0 मार्ग से रमवापुर दूबे से पैड़ी बुजुर्ग मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.60 | 0.26 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 16. | | रूघौली डुमरियागंज से कठौतिया गांव सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.60 | 0.26 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 17. | सिद्धार्थनगर | एल0डी0 नदांव से बनाकुईयां सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 2.60 | 0.26 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 18. | | सिकटा असनहरा से परसिया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.80 | 1.98 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 19. | | एस0एच0–26 से बल्लीपुरवा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.90 | 0.79 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 20. | | बंधवाताल से लोधडीह मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.60 | 0.66 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 21. | | रामवृक्ष से खम्हरिया सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 23.70 | 2.37 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 22. | सिद्धार्थनगर | पथरा तिगोड़वा से मनिकौरा तिवारी मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.30 | 0.753 | (250+500+135) =रू0 885.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 23. | | बांसी–धानी से कुशपुर मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.80 | 1.18 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 24. | | गनवरिया सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 18.40 | 1.84 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 25. | | बेलौहा मरवटिया से मंझारिया सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.60 | 0.66 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 26. | | डुमरियांगज पिरैला से मैनुद्दीनचक मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 6.60 | 0.66 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 27. | सिद्धार्थनगर | बांसी–डुमरियांगज से कुसहटा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 9.20 | 0.92 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 28. | | भालूकोनी जप्ती लोनियाडीह से केवटडीह सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 5.30 | 0.53 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 29. | | भालूकोनी जप्ती से लोनियाडीह मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 23.70 | 2.37 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 30. | सिद्धार्थनगर | अमौना अजिगरा पाण्डेय से खोरिया शिवबक्स मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11.20 | 1.12 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 31. | | बांसी–धानी विशुनपुरवा पचपेड़वा मार्ग से धुसवा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 7.90 | 0.79 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 32. | | रुधौली–डुमरियागंज से भारी पड़िया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.30 | 2.63 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 33. | | बांसी–डुमरियागंज से खम्हरिया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.80 | 1.98 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 34. | सिद्धार्थनगर | जिगनिहवा चेतिया से बसठा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 26.30 | 2.63 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 35. | | कोटिया गड़ोरी पिच रोड से उत्तर अहिरौली तिवारी होते हुए सेहरी सेवक मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.80 | 1.98 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 36. | | ड़िड़ई पथरा से खिरौहां पुरवा से बरहपुर सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 19.80 | 1.98 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 37. | | बि0टी0आई0बी0 से अजगरा मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 15.80 | 1.58 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 38. | सिद्धार्थनगर | बमौना तिवारी से मरवटिया मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.40 | 2.44 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |
| 39. | | तेलौरा रिठिया से कुनौना मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 24.30 | 2.43 | (300+500+144) =रू0 944.00 | निर्माण खण्ड,लो.नि.वि. बांसी ,सि0नगर | बस्ती वृत्त,लो निर्माण विभाग बस्ती | 03 माह | बस्ती क्षेत्र, लो.नि.वि. बस्ती |

1. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता यूपी e-tender online account goverment के internet banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी। 2. प्रत्येक निविदा का शुल्क खाता यूपी e-tender online account goverment के internet banking के द्वारा ही स्वीकार की जायेगी। बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.04.2022 से दिनांक 18.04.2022 तक उपलब्ध रहेगी। जो दिनांक 18.04.2022 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं इसकी तकनीकी बिड दिनांक 18.04.2022 को 3.00 बजे खोली जाएगी। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जानाहै जिसकी विस्तृत जानकारी भी डॉक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है निविदा से संबंधित अधिक जानकारी ई टेंडर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

www.upgov.nic.in upid-r.o.174701 date : 09-04-2022

अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,बांसी,सिद्धार्थनगर।

# शोहरतगढ़ में एमएलसी चुनाव में 138 लोगों ने किया मतदान





दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। एमएलसी चुनाव को लेकर

**● कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान**
**● मतदान से 2 मतदाता रहे वंचित**

शोहरतगढ़ ब्लॉक कार्यालय पर बनाये गए मतदान केंद्र पर 140 मतदाताओं के सापेक्ष स्थानीय विधायक विनय वर्मा, नगर अध्यक्ष बबिता कसौधन, ब्लॉक प्रमुख प्रीति यादव समेत 138 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्थानीय पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी निगरानी में मतदान सकुशल सम्पन्न हुआ। बताते चले कि शोहरतगढ़ ब्लॉक कार्यालय में 64 ग्राम प्रधान व 61 क्षेत्र पंचायत सदस्य है तथा शोहरतगढ़ नगर पंचायत में 10 वार्ड सभासद, 3 मनोनीत सभासद व 1 नगर अध्यक्ष के साथ स्थानीय विधायक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था, यानी 140 मतदाताओं को मतदान करना था, जिसमें कतिपय कारणों से 2 लोग मतदान से वंचित रह गए। मतदान के दिन मतदान स्थल से निर्धारित दूरी पर भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल, हियुवा प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, रामपाल सिंह, सोनू निगम, विशुन देव तिवारी, घनश्याम गुप्ता, विजय गुप्ता, रमेश मणि त्रिपाठी, लवकुश



धर दूबे सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, तो वही सपा के वीरेंद्र तिवारी, हरिनारायण यादव आदि भी मौजूद रहे। ब्लॉक कार्यालय से निर्धारित दूरी पर भाजपा और सपा पार्टी का कैम्प भी लगाया था। जहाँ से मतदाता मतदान के लिए जा रहे थे। इस दौरान पीठासीन अधिकारी अरविंद कुमार विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ हरिश्चन्द्र, सेक्टर मजिस्ट्रेट धर्मबीर भारती, पोलिंग ऑफिसर आलोक गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, वरिष्ठ सचिव राधेश्याम चौधरी, एपीओ प्रशांत श्रीवास्तव, लिपिक मुस्ताक अहमद, विनोद मिश्रा, सुखदेव, मकसूद के साथ सुरक्षा व्यवस्था में शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, उपनिरीक्षक रविकान्त मणि त्रिपाठी, खुनुवा चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, कोटिया चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश सिंह मय पुलिस फोर्स व एसएसबी के जवान मुस्तैद रहे।

## विधान परिषद चुनाव में 2282 मतदाताओं ने किया मतदान,सासंद सहित विधायक दिया वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जिले के 14 विकास खंडों में बस्ती–सिद्धार्थनगर विधान परिषद सदस्य पद के चुनाव में शनिवार को 2403 मतदाताओं में 2282 वोटरों ने मतदान किया। इसमें 1259 पुरुष व 1023 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नौगढ़ विकास खंड में स्थापित मतदान केंद्र पर कुल 150 में 143 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। यहाँ पर सांसद जगदंबिका पाल व सदर विधायक श्याम धनी राही ने भी अपना वोट डाला। बढ़नी में 165 में 160 मत पड़े। बरडपुर में 105 में 103 पड़ा। शोहरतगढ़ विकास खंड में 140 में 138 पड़ा। लोटन में 107 में 106, इटवा में 171 में 168, भनवापुर में 208 में 160, खुनियांव में 228 में 222, जोगिया में 139 में 137, उसका बाजार विकास खंड में 119 में 118, डुमरियागंज विकास खंड में 253 में 242 वोट पड़े, बांसी विकास खंड में 190 में 182 मत पड़ा। मिठवल विकास खंड में 230 में 214 मतदाता वोटिंग किए। जबकि खेसरहा विकास खंड में कुल 198 मतदाताओं में 189 मतदाताओं ने विधान परिषद सदस्य पद के चुनाव में अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान केंद्रीय पुलिस के जवान के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे।










# ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय युवक की मौत





दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थानाक्षेत्र में ग्राम पंचायत झरूआ टोला कम्हरिया निवासी भदई पुत्र शुभ्मन की ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना थानाक्षेत्र के खडकुईयां नानकार में बताई जा रही है। उक्त के सन्दर्भ में एसओ जय प्रकाश दूबे ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति खड़कुईया गांव की सरहद में रेलवे लाइन पर कट गया है। मौके पर उपनिरीक्षक रामा प्रसाद यादव व मुख्य आरक्षी अशोक यादव, आरक्षी बृजेश कुमार यादव मौके पर गए। थानाक्षेत्र के खड़कुईया, गोल्हौरा मुस्तहकम व आसपास के गांव से मृतक की पहचान

**● खड़कुईया गांव की सरहद में रेलवे लाइन पर कट गया था मृतक युवक**
**● करीब 10 दिन पहले मुम्बई से घर आया था मृतक युवक**

कराई जा रही थी। इसी बीच मृतक व्यक्ति की शिनाख्त भदई पुत्र शुभ्मन निवासी कम्हरिया थाना ढेबरूआ के रूप के हुई। पंचायत नामा की कार्यवाही पूर्ण कर पीएम हेतु भेज दिया गया है। विदित हो कि झरूवा ग्राम पंचायत का राजस्व गाँव झरूवा शोहरतगढ़ थाना तो दूसरा टोला खम्हरिया बगल के थाना ढेबरुआ में पड़ता है। घटना की जानकारी पर लगभग 48 वर्षीय पत्नी उर्मिला चौहान का रो–रोकर बुरा हाल है। लगभग 50 वर्षीय मृतक युवक करीब 10 दिन पहले मुम्बई से अपने घर आया है। इसी बीच रेल दुर्घटना में 1 बेटे व 3 बेटियों के सर से बाप का साया हट गया। घटना स्थल से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक 3.30 बजे रात्रि में घर से निकला है और दिन के करीब 11 बजे की घटना ने परिवार को शोक संतृप्त कर दिया। मृतक शिक्षा के प्रति काफी सजग था। परदेश में रहकर 2 बेटी विनीता व अनिता ग्रेजुएट कराया तथा चौथे नंबर की ज्योति 6 में पढ़ रही है व दूसरे नंबर का बेटा सुनील उम्र करीब 30 गाँव मे ठेला पर टिक्की आदि की दुकान लगाता है।

## मतदान केंद्रों का अपर जिलाधिकारी वा एएसपी ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। विधान परिषद निर्वाचन के अंतर्गत सदर ब्लॉक





नौगढ, खूनियाव् और इटवा के मतदान केंद्रों पर एएसपी सुरेश चंद्र रावत अपर जिलाधिकारी उमाशंकर के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया गया। कतार में खड़े मतदाताओं से केंद्र के व्यवस्था पर जानकारी ली, मतदान में किसी प्रकार के भय से दूर होकर मतदान करने को कहा, कोई परेशानी होती है तो हमे इसकी सूचना तुरंत दें, प्रशासन त्वरित कार्यवाही करेगी, उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपादित हो रही थी।

## 60 वर्षीय महिला की जलकर मौत

रवि जायसवाल/ दैनिक बुद्ध का संदेश





जोगिया/सिद्धार्थनगर। जोगिया थाना क्षेत्र के लखनापार गांव में शनिवार को 60 वर्षीय महिला ने आग लगाकर आत्महत्या कर लिया की जलकर मौत हो गई मरने वाली महिला के पास 6 लड़कियां और 3 लड़के थे घर वालों ने बताया कि दोपहर से महिला बहुत परेशान थी किसी से बात नही कर रही थी शाम को महिला ने आग लगा लिया जिससे उसकी जलकर मौत हो गई परिवार वालों की माने तो महिला मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त थी। घटना की जानकारी होते ही जोगिया थाना कोतवाली प्रभारी पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया साथ ही जांच में जुट गई।

# हर घर नल ,जल योजना गरीबो के लिये वरदान: सांसद जगदंबिका पाल

### भाजपा द्वारा चलाए जा रहे, सेवा समर्पण सप्ताह कार्यक्रम मे सासेद पहुँचे ग्राम पिपरा पाडे





दैनिक बुद्ध का संदेश
डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवाहन पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा समर्पण अभियान के तहत नगर पालिका तेतरी बाजार विस्तार क्षेत्र के ग्राम पिपरा पांडे में पहुंचकर हर घर नल जल योजना के तहत बनी पानी की टंकी का निरीक्षण कर उसके रखरखाव सुव्यवस्थित सप्लाई चलता रहे अधिकारियों को निर्देशित किया।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा इस पानी की टंकी से स्वच्छ पानी 75000 लीटर प्रतिदिन सप्लाई हो रही है। उन्होंने कहा एक करोड़ 28 लाख की लागत से इस पानी टंकी का निर्माण हुआ है। सांसद ने कहा स्वस्थ रहना है तो स्वच्छ जल पीना है जिस के निमित्त में सरकार की योजनाएं चल रही है हर घर स्वच्छ जल प्राप्त हो भाजपा के डबल इंजन सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अर्चिमान मिश्रा, नगर महामंत्री राजेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, काशी पांडे, दीपक मौर्य, मोनू चौबे, आशीष शुक्ल, रवि पांडे, राजमंगल पांडे, विजय कश्यप, जहीर सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बाबा आदि मौजूद रहे।

## योगमाया माता के जागरण में झूमे श्रोता गण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। योग माया मंदिर पर जागरण कार्यक्रम का



आयोजन दुर्गा पूजा की अष्टमी तिथि के दिन आयोजित हुआ जिसका उद्घाटन समाजसेवी, प्रधानाचार्य महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया बृजेश कुमार द्विवेदी द्वारा कलाकारों को माता की चुनरी ओढ़ा कर तथा वाद्य यंत्रों की पूजा करके किया गया जिसमें आजाद जागरण परिवार द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम किया गया जिसमें भजन गायक मोनू मधुबनिया, सूरज शर्मा बस्ती, कपिल देव बढ़नी नेपाल, भजन गायिका वंदना शर्मा गोरखपुर, तथा झांकी कलाकार डीके शर्मा सलोनी राजपूत बस्ती द्वारा भजन गाकर तथा भव्य झांकियों को सजाकर योगमाया मंदिर का वातावरण भक्ति संगीत से सराबोर किया वही भक्तगण मेरी मैया ने कैसी सौगात दे दी। जागरण के लिए सारी रात दे दी। भजन पर झूमते नजर आए। जाग देवी जागरण का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी, योग माया मंदिर के पुजारी पंडित शिवकुमार कर पाठक, समाजसेवी पंडित चंद्रप्रकाश कर पाठक, पूर्व प्रधान अरविंद कर पाठक, सुधांशु चौरसिया, पिंटू सिंह, ओम प्रकाश जयसवाल तथा अन्य ग्रामसभा एवम क्षेत्र के भक्तगणों के सहयोग से किया गया।

# सम्पादकीय

**यूक्रेन के शहर बूचा में 300 शव पाए गए हैं। उन्हें टीवी चौनलों पर देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मकानों, दुकानों और दफ्तरों को भस्मीभूत कर दिया गया है। पूतिन के प्रवक्ता का कहना है कि ये सब किस्से मनगढ़ंत हैं। बूचा को रूसी फौजों ने खाली कर दिया, उसके एक हफ्ते बाद के ये फर्जी चित्र हैं। रूसी प्रवक्ता की इस मूर्खता पर...**

## यूक्रेनः भारत ने मुँह खोला

संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारे प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने कल यूक्रेन के बारे में जो बयान दिया है, वह विश्व राजनीति में भारत की छवि को तो बेहतर बनाएगा ही, वह रूस को भी अपनी पशुता से बाज आने के लिए शायद प्रेरित कर दे ।तिरुमूर्ति ने यूक्रेन के शहर बूचा में हुए नर–संहार की दो–टूक शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने मांग की है कि इस नरसंहार की जांच की जानी चाहिए और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने नरसंहार करनेवाले रूस का नाम नहीं लिया। यह सावधानी उन्होंने जरुर बरती लेकिन यह स्पष्ट है कि उन्होंने रूसी फौज के अत्याचार की उतनी ही सख्त आलोचना की है, जितनी अमेरिका और यूरोपीय देश कर रहे हैं। भारत की इस आलोचना का शायद रूस पर कोई असर न पड़े लेकिन भारत की तटस्थता को अब दुनिया के राष्ट्र भारत का गूंगापन नहीं समझेंगे। भारत ने हालांकि कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भी रूस का विरोध हुआ, भारत ने उसके समर्थन में मतदान नहीं किया लेकिन उसने हर बार यह कहा कि प्रत्येक राष्ट्र को संयुक्तराष्ट्र घोषणा पत्र का सम्मान करना चाहिए, हर देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए और अपने विवादों को युद्ध से नहीं, बातचीत से हल करना चाहिए। तिरुमूर्ति ने यही बात बूचा के नरसंहार पर बोलते ही दोहराई है। मुझे लगता है कि भारत के इस ताजा तेवर से अमेरिका के घाव पर थोड़ा मरहम जरुर लगा होगा, क्योंकि अमेरिका के नेता और अफसर बार–बार भारत से आग्रह कर रहे हैं कि वह रूस–विरोधी तेवर अपनाए और रूस के विरुद्ध घोषित पश्चिमी प्रतिबंधों को भी लागू करे। पश्चिमी राष्ट्रों के ये दोनों आग्रह निरर्थक हैं। वे दुनिया के सबसे शक्तिशाली और मालदार देश हैं। उनके द्वारा की गई भर्त्सना का क्या असर हो रहा है? इसी तरह का काम अमेरिका ने अफगानिस्तान, लीब्या, एराक, वियतनाम और कोरिया में किया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति झेलेंस्की ने सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए कहा है कि संयुक्तराष्ट्र यूक्रेन की सुरक्षा नहीं कर पाए तो उसको भंग क्यों नहीं कर दिया जाना चाहिए।

जहां तक प्रतिबंधों का सवाल है, यह भी शुद्ध ढोंग है, क्योंकि रूसी तेल और गैस अब भी यूरोपीय राष्ट्र धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। लेकिन यूक्रेन के विभिन्न शहरों को पूतिन का रूस जिस तरह तबाह कर रहा है, वैसा तो मुसोलिनी की इटली और हिटलर के जर्मनी ने भी नहीं किया था। यूक्रेन के शहर बूचा में 300 शव पाए गए हैं। उन्हें टीवी चौनलों पर देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मकानों, दुकानों और दफ्तरों को भस्मीभूत कर दिया गया है। पूतिन के प्रवक्ता का कहना है कि ये सब किस्से मनगढ़ंत हैं। बूचा को रूसी फौजों ने खाली कर दिया, उसके एक हफ्ते बाद के ये फर्जी चित्र हैं। रूसी प्रवक्ता की इस मूर्खता पर किसे क्रोध नहीं आएगा? यदि रूसी नरसंहार इसी तरह जारी रहा तो पूतिन और रूस की छवि दुनिया में इतनी गिर जाएगी, जितनी मुसोलिनी और हिटलर की भी नहीं गिरी थी। भारत ने बूचा को बूचडखाना बनाने का जो विरोध किया, वह ठीक है लेकिन पूतिन को कोई समझाए कि यदि यही क्रूरता जारी रही तो कहीं चीन और भारत–जैसे देशों को भी उसके विरुद्ध अपना मुंह खोलना न पड़ जाए।

## इस हकीकत से सामना

तो महाशक्ति की यह वास्तविक तस्वीर है। इसके बीच परोक्ष कर लगातार हर व्यक्ति की वास्तविक आय घटाते हैं। जिस समय हर चीज महंगी हो रही है, तो जिनकी आय कम है, उनकी आय और घट गई है। ऐसे में तबाही और दुर्दशा की आंध्र प्रदेश जैसी तस्वीरें उभरने लगें, तो उसमें क्या आश्चर्य है?

आंध्र प्रदेश से आई ये खबर झकझोर देने वाली है कि वहां बढ़ती बदहाली के बीच गरीब परिवार अपने नवजात बच्चों को बेच रहे हैं। अभी तक सामने आई जानकारी के मुताबिक नवजात बच्चों को 70 हजार से एक लाख रुपये तक में बेचा गया है। खबर यह भी है कि खरीदार ने एक दूसरे खरीदार को एक लाख रुपये में खरीदी एक बच्ची को तीन लाख रुपये में बेच दिया। उस खरीदार ने एक अन्य खरीदार को उसी बच्ची को पांच लाख रुपये में बेचा। इस समय देश का एक बड़ा तबका भारत के महाशक्ति और विश्व गुरु बनने खुमार में है। इसलिए ऐसी खबरें उसे महत्त्वपूर्ण लगेंगी, इसकी कोई संभावना नहीं है। लेकिन देश की असल हकीकत यही बढ़ती हुई बदहाली है। समझा जा सकता है कि लोगों की प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से घट रही आमदनी के कारण ऐसी घटनाएं भविष्य में और बढ़ेंगी। इस संबंध में कुछ आंकड़े गौरतलब हैं। भारत की प्रति व्यक्ति आय 2019–20 में 95,566 रुपये सालाना थी, जो 2020–21 में 86,659 रुपये रह गई। तो यह प्रत्यक्ष गिरावट है। अप्रिय यथार्थ यह है कि भारतीय जनता का बड़ा हिस्सा आज भी गरीब है।

सेंटर ऑफ मोनटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) के एक ताजा अनुमान के मुताबिक भारत में सिर्फ 9 प्रतिशत ऐसे परिवार हैं, जिनकी सालाना आमदनी पांच लाख रुपये से अधिक है। दस लाख रुपये से ज्यादा सालाना आमदनी वाले परिवार एक प्रतिशत से भी कम हैं। 16 प्रतिशत परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है, जबकि 25 फीसदी परिवारों की आय एक से दो लाख रुपये के बीच है। भारत में परिवारों की कुल संख्या 25 करोड़ है। इस लिहाज से अनुमान लगाएं तो देश में मुश्किल से दो करोड़ लोग ऐसे होंगे, जो आराम की जिंदगी गुजारते हैं। पिछले साल अमेरिकी संस्था पिउ रिसर्च ने बताया था कि कोरोना महामारी के पहले भारत में मध्य वर्ग की संख्या 9 करोड़ थी, जो महामारी के बाद छह करोड़ रह गई। तो महाशक्ति की यह वास्तविक तस्वीर है। इसके बीच परोक्ष कर लगातार हर व्यक्ति की वास्तविक आय घटाते हैं। जिस समय पेट्रोल–डीजल के दाम में बढ़ोतरी से हर चीज महंगी हो रही है, जिनकी आय कम है, उनकी आय और घट गई है। ऐसे में तबाही और दुर्दशा की आंध्र प्रदेश जैसी तस्वीरें उभरने लगें, तो उसमें क्या आश्चर्य है?

## सामाजिक समरसता का समुच्चय है भगवान श्रीराम का जीवन

**इस लेख का तात्पर्य यही है कि भगवान श्रीराम का जीवन हमारे सामाजिक जीवन के उत्थान के लिये अत्यंत ही प्रासंगिक इसलिए भी है क्योंकि वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ स्वार्थी राजनीतिक तत्व अपना हित साधने के लिये समाज में फूट पैदा करने का प्रयास करते हैं। समाज की फूट का दुष्परिणाम हमारे देश ने भोगा है। भारत इसी फूट के कारण ही वर्षों तक गुलाम बना। आज भी देश में लगभग ...**

डॉ. वंदना सेन



भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रायः कहा जाता है कि जीवन हो तो भगवान श्रीराम जैसा। जीवन जीने की उच्चतम मर्यादा का पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सबमें सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन से अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है। वनवासी राम का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है, कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। वर्तमान में जिस केवट समाज को वंचित समुदाय की श्रेणी में शामिल किया जाता है, भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। सामाजिक समरसता के भाव को नष्ट करने वाली जो बुराई आज दिखाई दे रही है, वह पुरातन समय में नहीं थी। समाज में विभाजन की रेखा खींचने वाले स्वार्थी व्यक्तियों ने भेदभाव को जन्म दिया है। वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। यह भी सर्वविदित है कि राम वन गमन के दौरान भगवान राम ने निषाद राज को भी गले लगाया, केवट को भी पूरा सम्मान दिया। इतना ही नही भगवान राम ने उन सभी को अपना अंग माना जो आज समाज में हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसका यही तात्पर्य है कि भारत में कभी भी जातिगत आधार पर समाज का विभाजन नहीं था। पूरा समाज एक शरीर की ही तरह था। जैसे शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द होता है, तब पूरा शरीर अस्वस्थ हो जाता था। इसी प्रकार समाज की भी अवधारणा है, समाज का कोई भी हिस्सा वंचित हो जाए तो सामाजिक एकता की धारणा समाप्त होने लगती है। हमारे देश में जाति आधारित राजनीति के कारण ही समाज में विभाजन के बीजों का अंकुरण किया गया। जो आज एकता की मर्यादाओं को तार–तार कर रहा है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। सीधे शब्दों में कहा जाए तो संगठन में ही शक्ति है। इससे यह संदेश मिलता है कि हम समाज के साथ कदम मिलाकर नहीं चलेंगे तो हम किसी न किसी रुप में कमजोर होते चले जाएंगे और हमें कोई न कोई दबाता ही चला जाएगा। सम्पूर्ण समाज हमारा अपना परिवार है। कहीं कोई भेदभाव नहीं है। जब इस प्रकार का भाव बढ़ेगा तो स्वाभाविक रुप से हमें किसी भी व्यक्ति से कोई खतरा भी नहीं होगा। आज समाज में जिस प्रकार के खतरे बढ़ते जा रहे हैं, उसका अधिकांश कारण यही है कि समाज का हिस्सा बनने से बहुत दूर हो रहे हैं। अपने जीवन को केवल भाग दौड़ तक सीमित कर दिया है। यह सच है कि व्यक्ति ही व्यक्ति के काम आता है। यही सांस्कृतिक भारत की अवधारणा है। पूरे विश्व में भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रुप में पहचाना जाता है, जब हम भारत को राष्ट्र बोलते हैं, तब हमें इस बात का बोध होना ही चाहिए कि राष्ट्र आखिर होता क्या है? हम इसका अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि राष्ट्र की एक संस्कृति होती है, एक साहित्यिक अवधारणा होती है, एक आचार विचार होता है, एक जैसी परंपराएं होती हैं। भगवान राम के जीवन में इन सभी का साक्षात दर्शन होता है, इसलिए कहा जा सकता है कि राम जी केवल वर्ग विशेष के न होकर सम्पूर्ण विश्व के हैं।

**और अब तो पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत से यह भी प्रमाणित हो गया है कि स्कूल और अस्पताल बनवा कर वोट हासिल किया जा सकता है और चुनाव जीता जा सकता है। दो राज्यों में आम आदमी पार्टी की सफलता ने इस बात को स्थापित किया है कि विकास के नाम पर ऊंची इमारतों और चिकनी सड़कों के निर्माण के साथ साथ अगर सामाजिक मुद्दों पर खर्च बढ़ाया जाए तो उसका राजनीतिक...**

## सार्वजनिक शिक्षा स्वास्थ्य का लौटेगा दौर!

अजीत द्विवेदी

बहुत समय नहीं बीता, जब भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सार्वजनिक उपक्रम थे। लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी होती थी। स्कूल, कॉलेज और अस्पताल सरकारी होते थे। निजी शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों की संख्या बहुत मामूली थी और देश की बहुत छोटी आबादी उनका इस्तेमाल करती थी। आर्थिक उदारीकरण के बाद सुनियोजित तरीके से शिक्षा और स्वास्थ्य की सरकारी व्यवस्था को कमजोर किया गया ताकि निजी शिक्षण संस्थान और अस्पताल फल–फूल सकें। ऐसा नहीं है कि सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसा हुआ। संचार से लेकर परिवहन तक लगभग हर सेक्टर में यह देखने को मिला। सो, सवाल है कि क्या समय का चक्र उलटा घुमाया जा सकता है? क्या सब कुछ पहले की तरह हो सकता है?


हर सेक्टर में ऐसा संभव नहीं है। लेकिन कम से कम शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पुरानी व्यवस्था बहाल हो सकती है। इस उम्मीद के दो कारण हैं। पहला कारण कोरोना वायरस की महामारी है, जिसने सस्ती और बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की जरूरत को रेखांकित किया है। दूसरा कारण दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा व स्वास्थ्य मॉडल की सफलता है। केजरीवाल ने अपनी तमाम राजनीतिक नाटकीयताओं के बावजूद सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को राजनीतिक विमर्श का केंद्र बना दिया है। गुजरात और दिल्ली मॉडल का यह बुनियादी फर्क है। गुजरात मॉडल के तहत स्कूल–कॉलेज व अस्पताल नहीं दिखाए गए थे, बल्कि औद्योगिक व आर्थिक विकास दिखाया गया था। उसके उलट केजरीवाल दूसरे राज्यों में जाकर अपने स्कूल और अस्पताल दिखा रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दिल्ली आए तो सरकारी स्कूल देखने गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वे दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तर्ज पर अपने यहां स्कूल विकसित करवाएंगी।

पता नहीं स्टालिन और ममता बनर्जी ऐसा कर पाएंगे या नहीं लेकिन यह बहुत बड़ी बात है कि तीन दशक के बाद समय का पहिया उलटा घूम रहा है। तीन दशक पहले आर्थिक उदारीकरण के साथ यह धारणा बनी थी कि सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई नहीं होती है और अगर किसी को अपने बच्चों का भविष्य बनाना है तो उसे निजी स्कूल में भेजना होगा। इसका नतीजा यह हुआ कि गली गली में निजी स्कूल खुलने लगे। सरकारी अस्पतालों के बारे में भी ऐसी ही धारणा बनाई गई। ऐसा नहीं है कि यह धारणा अपने आप बनी। सरकारों ने भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च घटाना शुरू किया। शिक्षकों और डॉक्टरों की नियुक्ति कम की। स्कूल और अस्पताल बनाने बंद किए और इस तरह अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था निजी हाथों में सौंप दी। केजरीवाल ने भले अपने राजनीतिक फायदे के लिए किया हो लेकिन उनकी दिल्ली सरकार ने बजट का लगभग 40 फीसदी हिस्सा शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करना शुरू किया है। ऐसा नहीं है कि इससे निजी शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों की जो शृंखला बनी है वह बंद जाएगी लेकिन उसके बरक्स सस्ती व बेहतर गुणवत्ता वाले सरकारी स्कूल व अस्पतालों की व्यवस्था विकसित होगी तो देश की बड़ी आबादी को उसका लाभ मिलेगा।

कोरोना वायरस की महामारी ने भी एक अवसर उपलब्ध कराया है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि कोरोना महामारी और उससे पहले देश की अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती ने लोगों को मजबूर किया कि वे शिक्षा और स्वास्थ्य की सरकारी व्यवस्था की ओर देखें। एनुअल स्टैट्स ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट यानी एएसईआर के मुताबिक 2018–21 के बीच सरकारी स्कूलों में दाखिले में छह फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जाहिर है यह बढ़ोतरी लोगों की आर्थिक स्थिति में आई गिरावट के कारण हुई है। यह आंकड़ा 2018–21 का है, इसके अगले एक साल में स्थिति और खराब हुई है। मध्य वर्ग का बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे गया है। उसकी मजबूरी हो गई है कि वह अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराए। ऐसे में अगर सरकारें व्यवस्था में सुधार करती हैं, शिक्षकों की नियुक्ति करती हैं और नए स्कूल–कॉलेज बनवाए जाते हैं तो सरकारी स्कूलों में लौटे बच्चों को उसी स्कूल में बनाए रखा जा सकता है। इसके लिए सरकारी खर्च में बढ़ोतरी करनी होगी। आमतौर पर महामारी के दौरान शिक्षा पर खर्च कम होता है। भारत में भी हुआ। पिछले साल शिक्षा पर खर्च में छह फीसदी की कमी हुई थी लेकिन अगले साल के लिए इसमें 12 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

इसी तरह कोरोना महामारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों को उजागर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिला कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज मिला, जबकि निजी अस्पतालों में लूट हुई। निजी अस्पतालों ने टेस्ट से लेकर इलाज और इंजेक्शन से लेकर दवा के नाम पर मरीजों को लूटा। अनाप–शनाप पैसे बनाए और इसके बावजूद खराब इलाज, दवा और ऑक्सीजन की कमी से लोग मरे। ऑक्सीजन की कमी से ज्यादातर मौतें निजी अस्पतालों में हुईं। सो, लोगों का निजी अस्पतालों से मोहभंग हुआ और आर्थिक बदहाली से मजबूरी भी हुई कि वे सरकारी अस्पतालों की तरफ देखें।

अब जरूरत इस बात की है कि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को लेकर बनी धारणा को तोड़ा जाए। जनता और सरकार दोनों मिल कर यह काम कर सकते हैं। लोगों को ध्यान रखना चाहिए कि नवोदय और केंद्रीय विद्यालयों की गुणवत्ता किसी भी निजी स्कूल के टक्कर की है। दिल्ली विश्वविद्यालय से लेकर जेएनयू, जामिया और बीएचयू जैसे संस्थान किसी भी निजी विश्वविद्यालय से बेहतर हैं। एम्स से लेकर सफरदजंग, एलएनजेपी और जीबी पंत अस्पताल का इलाज किसी निजी अस्पताल के इलाज से अच्छा है।



## देवरिया के 13 अस्पतालों में होगा गरीबों का इलाज

देवरिया। जिले में आयुष्मान भारत योजना के मरीजों के इलाज के लिए पांच नए अस्पतालों का चयन किया गया है। इसके साथ ही अब कुल तेरह अस्पतालों में मरीजों को इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इन अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का इलाज निश्शुल्क होगा। हार्निया, हाइड्रोसील, बच्चेदानी का आपरेशन, आंख आदि अन्य किसी भी तरह के आपरेशन की सुविधा इन अस्पतालों में मिलेगी। इसका लाभ गरीब मरीजों को मिलेगा। पांच नए चयनित अस्पतालों में आयांश हास्पिटल रुद्रपुर, वरदान हास्पिटल रुद्रपुर, स्टार न्यूरो एवं मैटर्निटी सेंटर एंड न्यू कालोनी देवरिया, अशोक हास्पिटल सीसी रोड देवरिया का चयन किया गया है। तीन अस्पतालों की समाप्त की गई संबद्धताः आयुष्मान भारत योजना के तहत पहले से कुल 11 अस्पतालों का चयन किया गया था, जिसमें कार्य नहीं करने वाले व लापरवाही बरतने पर गरिमा हास्पिटल रुद्रपुर, सावित्री हास्पिटल देवरिया, आशुतोष हास्पिटल रुद्रपुर को इलाज करने वाले अस्पतालों की सूची से हटा दिया गया। तीन वर्ष में जिले में 16500 गरीब मरीज हुए लाभांवितः जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत तीन वर्ष में 16500 मरीजों को इलाज का लाभ मिल चुका है। जिसमें अधिकतर गंभीर मरीजों को भर्ती कर उन्हें इलाज दिया गया। आपरेशन भी किया गया है। जिसमें गरीब मरीजों का पूरा इलाज निश्शुल्क हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पहले 11 अस्पतालों का चयन किया गया था, जिसमें तीन अस्पताल कार्य नहीं कर रहे थे जिनकी योजना के तहत संबद्धता समाप्त कर दी गई है, जबकि पांच नए अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी गई है, इससे मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## बढ़ रहा कोरोना, मिले तीन संक्रमित

महराजगंज। जिले में कोरोना संक्रमण फिर बढ़ रहा है। लगातार दूसरे दिन भी संक्रमित पाए गए हैं। दो और नये संक्रमित मिले हैं। इस प्रकार सक्रिय रोगियों की संख्या पांच हो गई है। उधर कोरोना से बचाव के लिए 2170 लोगों को टीका लगाया गया है और 1293 की जांच की गई है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14864 है। इसमें 13713 रोगियों ने कोरोना से जंग जीत ली है। अब तक 146 की मृत्यु हो चकी है। उन्होंने बताया परतावल में 196, पनियरा 72, घुघली 76, सदर 70, सिसवा 72, मिठौरा 104, निचलौल 106, बृजमनगंज 122, फरेंदा 108, लक्ष्मीपुर 29, नौतनवा 124, धानी 30 और महिला अस्पताल में 164 लोगों की जांच की गई है।

## स्वास्थ्य शिविर में उमड़े रोगी, 357 की हुई जांच

महराजगंज। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केएमसी अस्पताल के द्वारा विकास खंड मिठौरा के हरखोरा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 357 रोगियों का उपचार किया गया। हड्डी एवं जोड़ रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल मेडिसिन एवं मूत्र रोग के रोगी इलाज के लिए आए। शिविर में डा. धनंजय ने बताया कि आज कल गठिया एवं मांसपेशियों के दर्द के बहुतायत रोगी मिल रहे हैं। इन रोगियों को व्यायाम एवं खान पान में परहेज करने की आवश्यकता है। इसमें अलसी का प्रयोग बहुत ही लाभकारी है। शिविर संयोजक सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज निशुल्क किया जा रहा है। शिविर में मोतिया बिद के भी बहुतायत मरीज रहे। शिविर में चिकित्सकों समेत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। जन संपर्क अधिकारी अभिषेक ने शिविर का समापन किया।

## शिशुओं का हुआ टीकाकरण

आनंदनगर, महराजगंज। सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत .शिशुओं को टीका लगा। फरेंदा विकासखंड के पचरुखी ग्राम सभा के रघुनाथपुर टोला के अधिकांश बच्चों को वर्षों से टीका नहीं लगा था। काफी प्रयास के बाद शिशुओं का टीकाकरण हुआ। जिसमें शिशु नासमा, अफसाना, गुड़िया, नगमा, शहनाज आदि का टीकाकरण हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार सिंह, डीएमसी अनिल तोमर, बबीता शर्मा, सत्यावती पांडेय, केसरी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव को लेकर डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

महराजगंज। एमएलसी चुनाव को लेकर डीएम सत्येन्द्र कुमार और एसपी प्रदीप गुप्ता ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सतर्कता से मतदान कराने का निर्देश दिया। परतावल संवाददाता के अनुसार डीएम, एसपी के निरीक्षण के दौरान यहां पोलिग पार्टियां ब्लाक में पहुंच गई थी। डीएम ने कहा कि अब मुख्य गेट को बंद कर बाहरी गाड़ियों का आवागमन रोक करा दिया जाए। परतावल ब्लाक के निर्वाचन अधिकारी सुशांत सिंह को निर्देश दिया कि कैमरा और वीडियो रिकार्डिंग चलता रहे।घुघली संवाददाता के अनुसार घुघली ब्लाक में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर डीएम व एसपी ने तैनात फोर्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रमुख संघ के जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, एडीओ समाज कल्याण श्यामसुंदर तिवारी, ग्राम प्रधान चतुर्भुजा सिंह, बैजनाथ गुप्ता एवं रामसूरत सिंह आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा डीएम, एसपी ने सिसवा, निचलौल आदि ब्लाकों में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी।

## कड़े सुरक्षा घेरे में होगा मतदान

महराजगंज। गोरखपुर–महराजगंज स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन (एमएलसी) चुनाव के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सभी 12 पोलिग बूथों को जोन और सेक्टर में बांटकर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए पुलिस अधिकारियों को गश्त करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी ने लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को कार्रवाई की चेतावनी दी है। एमएलसी चुनाव के लिए जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मतदान केंद्रों पर तैनात किए गए सुरक्षाकर्मी रात तक अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर मतदान केंद्र पर पुलिस सुरक्षाकर्मियों के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है। मोबाइल टीमों को सुरक्षाकर्मियों की मानिटरिग के साथ–साथ किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में निपटने के लिए गश्त करते रहने को कहा गया है। एसओ से लेकर होमगार्ड तक को मतदान केंद्रों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। महिला सुरक्षाकर्मियों की भी डयूटी लगाई गई है। हर बूथ पर एक निरीक्षक, चार दारोगा, 10 आरक्षी और मुख्य आरक्षी एचसीपी, चार महिला आरक्षी और आधा सेक्शन पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा निचलौल, नौतनवा, फरेंदा और सदर तहसील मुख्यालयों पर दमकल विभाग की एक–एक गाड़िया किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए तैयार रहेंगी।

# फोरलेन की जद में आ रहे दो सौ भवन, नोटिस जारी

देवरिया। सलेमपुर कस्बे में लाइलाज बनी जाम की समस्या से जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद है। फोरलेन के दोनों तरफ करीब दो सौ भवन जद में आ रहे हैं। जिस पर बुलडोजर चलेगा। जिसमें कोतवाली परिसर की चहारदीवारी भी शामिल है। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड की तरफ से नोटिस जारी की गई है। इस कार्रवाई से खलबली मच गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने तहसील परिसर में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, ईओ व सीओ के साथ बैठक की। कोतवाली से लेकर गांधी चौक, गांधी चौक से अस्पताल तक व सोहनाग रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया है। पीडब्लूडी ने सड़क की दोनों पटरियों पर कोतवाली से ओवरब्रिज तक 75–75 मीटर के अंदर से अतिक्रमण हटवाने की बात कही। इसी तरह गांधी चौक से सीएचसी तक व सोहनाग रोड से अतिक्रमण हटाने का निर्देश नगर पंचायत को दिया गया। पीडब्ल्यूडी ने 150 फीट सीमा के अंदर कब्जा करने वाले 200 लोगों को नोटिस देकर नौ अप्रैल तक अतिक्रमण हटाने को कहा है। वहीं नगर पंचायत ने भी करीब 200 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को कहा है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता बृज किशोर गुप्ता ने बताया कि नोटिस दी गई है। अतिक्रमण न हटाने पर उसे बुलडोजर से हटाया जाएगा। नोटिस दिए जाने पर व्यापारियों ने किया विरोधः नगर पंचायत सलेमपुर के पटरी व्यवसायियों को नगर पंचायत की तरफ से नोटिस दिए जाने का विरोध शुरू हो गया है। नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नोटिस वापस लेने की मांग की गई। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुधाकर गुप्त, विकास रौनियार और जय प्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में दुकानदार नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे। ईओ और अध्यक्ष के न मिलने पर विजय प्रकाश श्रीवास्तव से मिलकर नोटिस के जबाब में दुकानदारों का पक्ष रखा। दुकानदारों ने कहा कि सोमवार को ईओ का घेराव करेंगे और अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराएंगे। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि साल में चार बार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। इस मौके पर पिटू चौरसिया, शेरू मद्धेशिया, ओमजी रौनियार, लालबाबू गुप्त, विजय पासवान, प्रमोद जी बरनवाल, विजय गुप्ता, पन्ने लाल, सोनू जायसवाल, शंकर श्रीवास्तव, धनंजय रौनियार, सन्नी वर्मा, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डाक्टर से विवाद के बाद फार्मासिस्ट आंदोलित

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट व डाक्टर के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि डाक्टर ने फोन कर बाहर से मनबढ़ों को बुला लिया। मनबढ़ों ने फार्मासिस्ट को जान से मारने की धमकी दी।

. आंदोलित कर्मचारियों ने सीएमएस को पत्रक देकर डाक्टर व मनबढ़ों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर कार्य ठप कर आंदोलन की चेतावनी दी। सुबह सीएमएस कक्ष में फार्मासिस्ट उमेश मिश्र हाजिरी लगाने के लिए पहुंचे। कक्ष में बैठे डा. आरके श्रीवास्तव से उपस्थिति रजिस्टर के बारे में पूछा। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। फार्मासिस्ट का आरोप है कि डाक्टर ने सीएमएस व अन्य डाक्टरों की मौजूदगी में मारने के लिए दौड़ा लिया और आला से प्रहार किया। अन्य डाक्टरों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। उसके बाद डाक्टर ने फोन कर 15 से 20 की संख्या में बाहरी व्यक्तियों को बुला लिया। फार्मासिस्ट के कक्ष में जाकर जान से मारने की धमकी दी। इसकी जानकारी होने पर सभी फार्मासिस्ट व कर्मचारी लामबंद हो गए। सीएमएस कक्ष में पहुंच कर डाक्टर व मनबढ़ों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सीएमएस को पत्रक सौंपने वालों में उमेश मिश्र, संजय श्रीवास्तव, बलराम यादव, अशोक राय, आरके तिवारी, शिव प्रसाद, मुरलीधर गुप्ता, ओपी यादव, राजेंद्र शुक्ल, बालेंदु मिश्र, दीपक तिवारी, रमेश यादव, राघवेन्द्र सिंह, विनय पांडेय, एमए सिद्दीकी, नवनाथ प्रसाद, राधेश्याम राय, राजेश तिवारी, घनश्याम मिश्र, शारदा राय, रवि सिंह, हरीश मिश्र, माया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं। सीएमएस डा.आनंद मोहन वर्मा ने बताया कि फार्मासिस्ट व डाक्टर के बीच विवाद हुआ है। दोनों पक्षों से बात कर समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीता की विदाई का मंचन देख छलके आंसू

भिटौली। चौत्र नवरात्र के अवसर पर शिकारपुर कोटही माता मंदिर परिसर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ में बीती रात रामलीला के कलाकारों ने श्रीराम विवाह, कलेवा और सीता विदाई का जीवंत मंचन किया। सीता की विदाई देख दर्शकों की आंखें छलछला गई। श्रीरामलीला मंचन के क्रम में सीता स्वयंवर के बाद राजा जनक अपनी पुत्री सीता के विवाह की तैयारियों में जुट जाते हैं। जनकपुर को फूल–मालाओं से सजाया जाता है। बाद में विधि–विधान से श्रीराम और सीता का विवाह होता है। इस दौरान आकाश से देवी–देवता पुष्पों की वर्षा करते हैं। श्रीराम विवाह के दौरान विवाह गीतों की प्रस्तुति कर कलाकारों ने श्रद्धालुओं को खूब गुदगुदाया। इसके बाद समिति के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या से आए बराती को स्वादिष्ट भोजन कराया। मंचन में राजा जनक अपनी पुत्री सीता की विदाई करते हैं और फूट–फूट कर रोते हैं। यह दृश्य देख सभी की आंखों से आंसू छलक जाते हैं। रामलीला मंच का शुभारंभ भाजपा नेता सत्यम चौबे ने किया। नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष राजेश साहनी, रामदयाल, रिकू गौण, रामू सहानी,जालन्धर, नरसिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## अधर में अंत्येष्टि स्थल, जिम्मेदार उदासीन

महराजगंज। जिले में अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण की रफ्तार उपेक्षा की शिकार हो गई है। दो साल से कई अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य अधर में लटके हैं। खाते में धन उपलब्ध होने के बाद भी जिम्मेदारों की उदासीनता कार्य में अड़ंगा डाल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम संस्कार के समय होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखकर शासन ने वर्ष 2020–21 में छह तथा वर्ष 2021–22 में छह अंत्येष्टि स्थल बनवाने की मंजूरी दी। प्रत्येक अंत्येष्टि स्थल के लिए 24.36 लाख रुपये खाते में भेज भी दिए। लगभग 158.79 वर्ग मीटर में बनने वाले अंत्येष्टि स्थल में शवदाह प्लेटफार्म, बैठने के लिए शांति स्थल, हैंडपंप, शौचालय की व्यवस्था होनी है। लकड़ियों को रखने के लिए भंडारण गृह होगा। पर्यावरण संरक्षण व हरियाली के लिए आसपास पौधारोपण कराया जाना है। मुख्य सड़क से अंत्येष्टि स्थल तक इंटरलाकिग सड़क बनाई जाएगी ताकि शव को शवदाह स्थल तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं हो, लेकिन यहां निर्माण की रफ्तार काफी धीमी है। वर्ष 2020–21 में सिर्फ घीवपीड़ और फटकदौना का कार्य पूरा हो सका है। जबकि निचलौल के बहुआर में छत स्तर तक, पनियरा के जड़ार में दीवार स्तर तक कार्य हुआ है। सदर के बागापार में छत लग गयी है। इंटरलाकिग का कार्य चल रहा है। रंगाई–पोताई का कार्य भी अभी अधूरा है। कृतपिपरा में छत लग गयी है। इसके बाद से कार्य बंद पड़ा है। इसी प्रकार वर्ष 2021–22 के कार्य में मिठौरा में नींव से ऊपर तक कार्य हुआ है। सदर के रामपुर बुजुर्ग में भी कार्य अधूरा है। लक्ष्मीपुर के परसौनी कला में सिर्फ दीवार खड़ी है। बृजमनगंज के दुर्गापुर में शटरिग हो रहा है। परतावल के सोहवल और सिसवा के बरवा विद्यापति में भी कार्य अधर में है। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से लोगों को सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी केबी वर्मा ने कहा कि वर्ष 2020–21 के अधूरे अंत्येष्टि को स्थल को 15 दिन में पूरा कराने का निर्देश सचिव और प्रधान को दिया गया है। निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सोहवल और बरवा विद्यापति में भी अंत्येष्टि स्थल के लिए धनराशि भेज दी गई है। यहां भी शीघ्र निर्माण शुरू कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सड़कों व पुल–पुलियों के निर्माण का तैयार होगा खाका

देवरिया। लोक निर्माण विभाग की तरफ से जनपद में सड़कों, बाईपास, पुल–पुलियों के निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद के सभी सातों विधायक व तीनों सांसद को पत्र लिखकर प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर नई स्वीकृति प्रदान की जा सके। जनपद की सीमा बलिया, गोरखपुर, कुशीनगर के अलावा बिहार के गोपालगंज व सिवान जनपद से सटा हुआ है। इनको जोड़ने वाली कई सड़कें खस्ताहाल हैं। शहर के अलावा अन्य नगर निकायों व कस्बों में बाईपास व संपर्क मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही है। भटनी नगर के 115 नंबर रेलवे ढाला, भाटपाररानी के बेलपार ढाला, गौरीबाजार, सलेमपुर के धनौती ढाला पर रेल उपरिगामी सेतु के प्रस्ताव शासन में लटका है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद की तरफ से सांसद देवरिया डा. रमापति राम त्रिपाठी, सांसद सलेमपुर रविदर कुशवाहा व सांसद बांसगांव कमलेश पासवान के अलावा कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक जयप्रकाश निषाद, विधायक सदर शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक बरहज दीपक मिश्र शाका, विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया, विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा को पत्र लिखकर प्रस्ताव मांगा गया है। उन्होंने कहा है कि आम जनमानस को सुगम यातायात उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से अपने निर्वाचन क्षेत्र में इंटर स्टेट कनेक्टिविटी, मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, बाईपास निर्माण, संपर्क मार्ग का नव निर्माण, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी), फ्लाईओवर निर्माण के लिए प्रस्ताव प्राथमिकता के अनुसार 20 अप्रैल तक उपलब्ध कराएं। ताकि आपकी संस्तुति के आधार पर कार्य योजना तैयार कराते हुए यथा संभव अधिकतम नवीन स्वीकृति निर्गत की जा सके। इसके लिए विभाग के स्थानीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता व जनप्रतिनिधियों की तरफ से दी गई संस्तुति पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाएंगे। लोक निर्माण मंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से 20 अप्रैल तक प्रस्ताव मांगे हैं, जिसे तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। जिसमें इंटर कनेक्टिविटी सड़कें, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, रेल उपरिगामी सेतु आरओबी आदि शामिल है।

# बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया गया जागरूक

महराजगंज। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाते हुए अभियान में घर–घर जाकर दस्तक दी और पूछताछ की कि कोई बच्चा ऐसा तो नहीं है जो स्कूल जाने से वंचित रह गया हो। हर उस बच्चे को स्कूल ले जाने, सहित स्कूल में उसका रजिस्ट्रेशन कराने के बाद उसे यूनिफार्म, किताबें, बैग आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। सुबह कंपोजिट विद्यालय बागापार के बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि जनता जूनियर हाईस्कूल बागापार के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। प्राथमिक शिक्षक संघ के सदर ब्लॉक के मंत्री अखिलेश पाठक ने कहा कि शत–प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस दौरान देवी शरण त्रिपाठी, रेयाज अहमद खान, सतीश चौधरी,देवेंद्र यादव, राकेश सिंह, एआरपी वृंदावन चौहान, अमरेंद्र प्रताप सिंह, दिवाकर ध्वज सिंह, साजिद अली, सरफुद्दीन, दिनेश प्रसाद आदि मौजूद रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील क्षेत्र के हरदीडाली कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया। विद्यालय परिसर से स्कूल चलो रैली का शुभारंभ ग्राम प्रधान गोपाल नरायण चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार गौतम, मुकेश कुमार चौधरी, सुदर्शन चंद, सरोजिनी शर्मा, अर्चना मद्धेशिया,शिखा जायसवाल, प्रेम लता जायसवाल, नीलम, रम्भा, कुसुम,मीरा, चंद्र शेखर आदि उपस्थित रहे। लक्ष्मीपुर संवाददाता के अनुसार लक्ष्मीपुर विकास खंड के सभी 10 न्याय पंचायत एकमा, बकैनियहा, बेलवा खुर्द, सिंहपुर जरौली, पुरन्दरपुर, रजापुर, मुडली, पकरडीहा, रामनगर, महुअवा अड्डा में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी हेमन्त कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान विचित्र नरायण त्रिपाठी, डा.प्रभुनाथ गुप्त, जयहिद पटेल, धनप्रकाश त्रिपाठी, सुदामा चौहान, सुनील चंद शुक्ला, मोहम्मद जावेद खान, डा.देवेंद्र राव, विकास नरायण मिश्र, दिनेश यादव, मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित रहे। मिठौराबाजार संवाददाता के अनुसार मिठौरा ब्लाक के दस न्याय पंचायतों में संकुल स्तरीय स्कूल चलो अभियान के रैली को हरी झंडी दिखाकर डायट मेंटर डा अरुण मिश्र व खंड शिक्षा अधिकारी मिठौरा सुधीर कुमार ने रवाना किया। रैली में शामिल बच्चे हाथ में स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान सहभोज का आयोजन भी विभिन्न जगहों पर किया गया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विद्यासागर पटेल, प्राथमिक अध्यक्ष दिलीप कुमार विश्वकर्मा, सर्वेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार, अश्वनी कुमार पटेल, मुकेश कुमार सिंह, विजय यादव, मोहन शर्मा, संतोष मिश्रा, फरेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

## नौतनवा में बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय

नौतनवा। थाना क्षेत्र में फिर से बाइक चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। दो दिन में दो बाइक चोरी होने से वाहन स्वामियों की चिंता बढ़ गई है। चालक अलग–अलग तरीके के लाक व जंजीर से स्वयं ही अपनी बाइक सुरक्षित रखने में लगे हुए हैं। दिसंबर 2020 से मार्च 2021 तक देखें तो नौतनवा नगर से दर्जन भर से अधिक बाइक चोरी हुई। इसके विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन भी किया था। पुलिस एक्शन में आई तो आठ अप्रैल 2021 को बाइक चोरी का सरगना नेपाल बगौली निवासी सुशील चौधरी को दो साथियों को धर दबोचा। वहीं कई बाइक की बरामदगी भी की गई थी। एक वर्ष बाद फिर से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इंस्पेक्टर नौतनवा राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि बाइक चोरों की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। छापेमारी चल भी रही है, जल्द वह पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# धौंस जमाने के लिए बनाई थी रा की फर्जी आईडी

महराजगंज। खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विग (रा) की फर्जी आइडी के साथ नौतनवा में बुधवार की रात गिरफ्तार वाराणसी निवासी राहिल परवेज को पुलिस ने .धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। खुद को रा का एजेंट बताने वाले राहिल परवेज ने फर्जी आइडी धौंस जमाने के लिए बना रखी थी। उसका इस्तेमाल आठ वर्षों से अपने व्यावसायिक वाहनों को जांच से बचाने में करता था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वाराणसी के अशोक बिहार कालोनी फेज–2 पहाड़िया निवासी राहिल परवेज वाराणसी में ही सीमेंट का डीलर है। उसने करीब आठ वर्ष पूर्व इंटरनेट मीडिया से रा की एक आइडी डाउनलोड की और एडिट कर अपने नाम से आइडी बना ली। धौंस जमाने के लिए एयरगन भी रखता था। नेपाल जाने के लिए 31 मार्च से नौतनवा स्थित एक मैरिज हाल में ठहरा था। बुधवार की रात पुलिस व एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) की टीम ने छापेमारी कर उसको और चालक निखलेश मिश्रा के साथ हिरासत में ले लिया। राहिल के पास से फर्जी आइडी के अलावा एयरगन, एक आधार कार्ड, छह कारतूस व 2280 रुपये नकद बरामद हुए। चालक निखलेश मिश्रा को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।

पत्नी की तलाश में नेपाल जाना चाहता थाः पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राहिल ने नवंबर 2014 में दिल्ली निवासी सानिया शाक्य से शादी की थी। शादी के बाद सानिया ने नाम बदलकर जिया खान रख लिया था। पांच अगस्त को वह रुपये व गहने लेकर फरार हो गई, तभी से वह उसकी तलाश में था। इसी बीच उसकी मुलाकात कोलकाता के इंटरनेट हैकर इंद्रनील मंडल से हुई। उसने पत्नी को खोजने में मदद करने का आश्वासन दिया तो राहिल ने इसके बदले उसे करीब 18 लाख रुपये दिए थे। इंद्रनील ने पत्नी का लोकेशन नेपाल में बताया था। पत्नी की तलाश में वह सोनौली सीमा के रास्ते नेपाल जाने की कोशिश में था। इसी दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने उसे दबोच लिया।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच एमएलसी चुनाव का मतदान हुआ सम्पन्न

## 153 मतदाताओ में 151 मतदाता ने किया मतदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला ब्लॉक मुख्यालय पर शनिवार को गोरखपुर महाराज गंज बिधान परिषद सदस्य चुनाव के लिए मतदान सुबह 8 बजे से आरम्भ हुआ। उगोला ब्लॉक पर गोला ब्लॉक के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य नगर पंचायत गोला के सभासद व चेयरमैन सहित कुल 153 लोगो को मतदान में भाग लेना था। लेकिन दो मतदाताओ ने अपना मतदान नही किया।शेष मतदाताओ ने समय से उपस्थित होकर मतदान कया। मतदान का कार्य चुनाव आयोग के मंशानुरूप कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था के बीच सम्पन्न हुआ। प्राप्त बिबरण के अनुसार गोरखपुर महाराज गंज बिधान परिषद सदस्य चुनाव में सत्तासीन दल के तरफ से सी पी चंद व स पा के तरफ से रजनीश यादव प्रत्याशी के रूप




में मैदान में है। गोला ब्लॉक के कुल 72 ग्राम प्रधान 69 क्षेत्र पंचायत सदस्य व नगर पंचायत गोला के 11 सभासद व चेयरमैन सहित कुल 153 जनप्रतिनिधियों को मतदान करना था। जिसमे 84 पुरुष व 69 महिला मतदाता है। जिसमे कुल 151 जनप्रतिनिधियों ने अपने बिधान परिषद सदस्य के लिए मतदान कर मतपेटियों में उनके भाग्य को बंद कर दिया। भर्रोह के ग्राम प्रधान शैलेश जो अस्वस्थ है। इलाज अस्पताल में चल रहा है। मतगड़ना 12 अप्रैल को होगा। मतदान केन्द्रपर एस डी एम गोला रोहित कुमार मौर्या व सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार गोला सुनीता गुप्ता बराबर निरीक्षण करते देखे गए। ब्लॉक मुख्यालय पर गेट के बाहर गोला पुलिस के जवान और अंदर अर्धसैनिक बल तैनात रहे। दो बजे तक कुल 149 मत पड़ चुके थे। शाम चार बजे तक कुल 151 मतदाताओ ने अपना मतदान किया। जिसमे 69 महिला व 82 पुरुष मतदाता शामिल रहे। शेष दो मत नही पड़े। सेक्टर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान अभिकर्ताओं के समक्ष मत पेटी सील कर दिया गया। गोला ब्लॉक मतदान केंद्र पर मतदान पूर्ण रूप से शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# दक्षिणांचल के ककरही आमगाड़ा की दुर्गा माता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोलातहसील क्षेत्र के गोला कौड़ीराम सड़क मार्ग पर स्थित ग्राम सभा ककरही के टोला आमगाड़ा (मिश्राना)में स्थापित दुर्गा माता मंदिर पर जो भी भक्त सच्चे हृदय व श्रद्धा के साथ पहुच कर मत्था टेकता है माँ उनकी मुरादे पूरा कर देती है। माँ के दरबार मे भक्तों की भीड़ बराबर लगी रहती है। नवरात्र के दिनों में भक्तों का मेला लगा रहता है। प्राप्त बिबरण के अनुसार ककरही ग्राम सभा मे एक मजरा टोला मिश्रा लोगो का है। जो आम गाड़ा मिश्राना के रूप प्रसिद्ध है। आम गाड़ा निवासी जब्बर नाथ मिश्रा के पास लगातार सात पुत्रियां पैदा हुई। पुत्रियों के पैदा होने पर वह काफी चिंतित हो गए। नवरात्र का समय आया। वह माँ दुर्गा के उपासक थे। उन्होंने माँ से मन्नते मांगी और कहा कि हे माँ अगर एक पुत्र पैदा हो जाय तो हमएक विशाल मंदिर बनवाकर आपकी मूर्ति स्थापित करेगे। माँ ने उनकी अर्ज को सुना और आठवा सन्तान के रूप में लड़का पैदा हुआ। जिसका नाम करण उन्होंने शक्ति नाथ के रूप में दिया। और



अपनी जमीन में ही माँ का एक भव्य विशाल मंदिर बनवाकर माता की प्रतिमा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा करवाया। इस बात की भनक गांव व क्षेत्र के लोगो मे फैल गयी। सभी लोग उस मंदिर पर माँ के दरबार मे आने लगे। और आकर माँ का दर्शन कर मन्नते मानते है। मन्नते पूरा हो जाने पर आकर मन्नते पूजा पाठ कर चढ़ाते है। माँ के मंदिर पर भक्तों की भीड़ बराबर लगी रहती है लेकिन नवरात्रि के दिनों में भक्तों का जमावड़ा लग जाता है। मंदिर पर पूजा पाठ करने के लिए मिश्र द्वारा बगल गाँव रानीपुर के पंडित प्रमोद नारायण शुक्ला को पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वह प्रतिदिन मंदिर की पूजा पाठ साफ सफाई व देखभाल करते है। माँ दुर्गा के दरबार मे जो भी भक्त आया माँ सबकी मुरादे पूरा करती है। अब तो क्षेत्र ही नही प्रसिद्धि से अगल बगल जनपद के लोगो का भी आगमन माँ के दरबार मे होने लगा है। कोई भी भक्त निराश हो कर नही जाता है।

# पक्षियों को पानी की ब्यवस्था के लिये मिट्टी का बर्तन बितरित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा सामाजिक न्याय



पखवाडा के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के अगुवाई में बेजुबान पक्षियों को पानी पिने के लिए घर घर मिट्टी का पात्र वितरित कर उसमें पानी भरखर रखने का आग्रह किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहाकि भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आवाह्न पर स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याया पखवाडा के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्यक्रम चलाये जा रहे है, उसी क्रम में आज बेजुबान पक्षियों को पानी पीने के लिए घर घर मिट्टी का बर्तन वितरित किया गया इस भीषड गर्मी में प्यासे को पानी पिलानें से अधिक परोपकार का दूसरा कार्य नही है घर के छत अथवा बरामदे में पानी भरकर रखने मात्र से किसी बेजुबान पक्षी की प्यास मिटाना असली सेवा कार्य है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार सरकारी योजनाओं के माध्यम से जन जन के विश्वास का कार्य किया जा रहा है ऐसे मे बेजुबान पक्षी की सेवा करना भी भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है। सेवा ही संगठन है यह हमारा मूलमंत्र है हम सेवा के माध्यम से देश व प्रदेश में समाज के विकास के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर अशोक मौर्य, कृष्णमुरारी गुप्ता, कमलेश चौबे, विनोद पटेल, दिलिप चौबे, बलराम सोनी, महेन्द्र पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# आल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन ने सीएम को भेजा ज्ञापन

## जनपद बलिया में प्रशासन द्वारा तीन पत्रकारों को जेल भेजे जाने की घटना के विरोध में भेजा ज्ञापन

अयोध्या। जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित पत्रकारों ने प्रशासनिक मशीनरी द्वारा पत्रकारो के उत्पीड़न की घोर निंदा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन अतरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंप कर अपनी मांगे पूरी करने की मांग की है। समय पर मांगे नहीं पूरी किये जाने की दशा में विरोध में तेज करने की चेतावनी देते हुए प्रदेश व्यापी आंदोलन की बात कही है। अधिकारियों को बेनकाब करने और पेपर लीक की खघ्बर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों के खिलाफ हुई कार्यवाही से सम्पूर्ण पत्रकार जगत में काफी आक्रोश व्याप्त है। आल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष करुणाकर दूबे ने कहा कि नकल माफिया और प्रशासन की कलई खोलने वाले पत्रकारों को जेल भेजना अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने का कुत्सित प्रयास है।

सरकारी अधिकारी अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ का गला घोटने पर उतारू है। जिसे हम कतई बर्दाशत नहीं कर सकते हैं। पत्रकार अजित ओझा, दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता को जेल भेजकर सच को दबाने का प्रयास किया गया है। संगठन के मंडल सचिव कुँवर समीर शाही ने कहा कि यह नौकरशाही की तानाशाही व निरंकुशता की पराकाष्ठा है। जनपद बलिया के अधिकारियो ने अपनी पोल खुलते देखकर निर्दोष पत्रकारों की बलि चढ़ा दिया। जिससे दूसरे पत्रकारो को ऐसी खबर लिखने पर लगाम लगाई जा सके जो किसी भ्रष्टाचार का खुलासा करती हो। वर्तमान योगी सरकार इस मामले की सीबीआई से जांच करा कर दोषी अधिकारियों को दंडित करे, ताकि पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जा सके। संगठन के मंडल मीडिया प्रभारी आकाश कुमार गुप्ता ने कहा कि निर्दोष पत्रकारों को तत्काल बाइज्जत बरी कर उनकी सामाजिक व मानसिक क्षति के बदले प्रत्येक पत्रकार को एक करोड़ रुपए मुआवजा राशि दी जाय। ज्ञापन देने वाले पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव,पीयूष कुमार सिंह राजन,अंकित सेन,आशुतोष श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, राकेश यादव,प्रमोद पांडेय,अनिल निषाद,चंद्र मोहन श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव,बीएस लाठी, रमेश कुमार,शेखर श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश मिश्र,अजय निषाद, सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# थाना हर्रैया मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। हेमन्त कुटियाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर




अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना हर्रैया प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनाँक 09.04.22 को उ0नि0 प्रशान्त शुक्ला, कां0 उमेश कुमार, कां0 जयन्त शुक्ला के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 47ध्22 धारा 376 क, 504, 506 प्च्ब् से सम्बन्धित दो नफर वांछित अभियुक्त 1–मैताब पुत्र मुर्तजा, 2–बूढे पुत्र पियारे निवासीगण ग्राम हरिहरपुर गनेशपुर थाना हर्रैया जनपद बलरामपुर को लालनगर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# प्रस्तावित प्लान के पास होने से उजड़ जायेंगा नगरः सुशील जायसवाल

## कहा–सड़क को 15 से 20 प्रतिशत बढ़ाकर बनाया जाए मास्टर प्लान

अयोध्या। व्यापार अधिकार मंच के संयोजक भाजपा नेता सुशील जायसवाल ने अपने आवासीय कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि विकास प्राधिकरण की महा योजना के अंतर्गत मास्टर प्लान 2031 के तहत आपत्ती दर्ज कराने वालों को व्यक्तिगत फोन करके घर और दुकान का कागज मंगवाना आव्यवहारिक, वर्तमान प्रस्तावित मास्टर प्लान को 1983 का पास मास्टर प्लान बताना और आज पारित कराना यह संदेहास्पद यदि या 30 मीटर और 45 मीटर का प्लान 1983 का है तो तब से लेकर आज तक हजारों की संख्या में बनने वाले भवन का नक्शा विकास प्राधिकरण के द्वारा पास कैसे हुआ, और विकास प्राधिकरण के द्वारा केवल पास नक्शे पर निर्माण किए हुए व्यक्ति को केवल पार्किंग को् ना छोड़ने के नाम पर नोटिस या उत्पीड़न जबकि नक्शा 12 मीटर 15 मीटर की वर्तमान सड़कों पर इन्हीं के विभाग के द्वारा स्वीकृत किया गया, पूर्व की बातों को छोड़ते हुए संगठन के द्वारा या मांग की जाती है की प्रस्तावित मास्टर प्लान के अंतर्गत अयोध्या नगर अयोध्या तीर्थ क्षेत्र के वर्तमान सड़कों का नाप लेकर 15 से 20 प्रशित बढ़ाकर मास्टर प्लान बनाया जाए जिससे मानचित्र प्राप्त कराने से लेकर स्थान और भवन निर्माण में कोई असुविधा ना हो जिससे रोजी रोजगार के प्रतिष्ठान कांप्लेक्स का निर्माण और निवासियों का भवन निर्माण हो सके और क्षेत्र का समग्र विकास भी हो सके यदि 30 मीटर 45 मीटर प्रस्तावित प्लान पास होता है तो अयोध्या नगर और तीर्थ क्षेत्र आज नहीं तो कल उजड़ने पर मजबूर हो जाएंगे और साथ ही ये वैध रूप से निर्माण से भी वंचित हो जाएंगे, देवकाली से दर्शन नगर होते हुए प्रस्तावित मुख्य मार्ग दर्शन नगर मुख्य बाजार से ना होते हुए बाईपास बनाकर निकालने से पुरानी बाजार सहित हजारों लोग पीड़ित होने से बच जाएंगे इसलिए दर्शन नगर बाजार को बचाने के लिए बाईपास दिया जाए। इस अवसर पर प्रवीण रस्तोगी राजेश जयसवाल आकाश जायसवाल विकास अग्रवाल प्रशांत जयसवाल देवेश गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शीतला धाम पर आज होगा विशाल भंडारे का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद मुख्यालय



रॉबर्ट्सगंज के मुख्य चौराहे पर स्थित मां शीतला देवी धाम पर 10 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 10.00 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार केसरी ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि विशाल भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करें और पुण्य के भागी बने।

# देवी जागरण में भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु

दैनिक बुद्ध का संदेश

दुद्धी/सोनभद्र। स्थानीय कस्बा स्थित प्राचीन महावीर मन्दिर



प्रांगण में शुक्रवार की रात्रि साढ़े 9 बजे से भव्य दुर्गा जागरण का आयोजन श्री जय बजरंग अखाड़ा समिति केंद्रीय अखाड़ा दुद्धी के तत्वाधान में सम्पन्न हुआद्यदुर्गा जागरण में श्रद्धालुओ ने देवी दुर्गा के भक्ति गीतों पर रात भर रमे रहे और पूरे भक्तिभाव से माँ को नमन करते हुए स्तुति की। दुर्गा जागरण का शुभारंभ हिमांशू आदित्य ने पूजन अर्चन कर किया। भव्य देवी जागरण को महंत देवेन्द्र मिश्रा द्वारा प्रारंभ कराया, जिसमें वाराणसी से चलकर आये गायक दिवाकर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना कर जागरण प्रारम्भ किया, दीक्षा पटेल ने मां के सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं का मंत्रमुग्ध कर दिया। उमा द्वारा माता को पचरा सुनाकर सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। शनि शंकर व सतीश बाबा जी ने मां के भजन की प्रस्तुति कर जमकर तालियां बटोरी। पूरी रात चलने वाला जागरण शनिवार की सुबह तक चला। अंत में माँ तारा रानी की कथा भक्तगणों को महंत देवेंद्र मिश्रा ने सुनाया अंत में माँ की भव्य आरती उपरांत लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक मण्डल में कन्हैया लाल अग्रहरि, सुरेंद्र गुप्ता, दीपक सभासद, पीयूष कुमार एड०, बनारसी जायसवाल, प्रदीप कसेरा, राकेश बड़का, भोलू सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिंदौली गांव की घटना, जांच में जुटी पुलिस

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तिंदौली गांव के पास बाग में 24 वर्षीय युवक का शव गांव से करीब ऐ किलोमीटर दूर आम के पेड़ से लटकती मिली। सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने लाश को ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह नीचे हुए उतरवाकर पीएम रिपोर्ट के लिए जिला मुख्यालय भेजा। प्राप्त जानकारी के मृतक युवक शंकर पुत्र नंदलाल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बिरौली झाम थाना कुमारगंज का निवासी है। मृतक के पिता नंदलाल का कहना है कि गांव में उनके पास दो मकान है। नए मकान में शंकर रहता था जिसकी अभी शादी नहीं हुई है। साइकिल लेकर खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकला था उसके बाद फिर वापस घर नहीं लौटा। जिसकी लाश तिंदौली गांव के भिटारी बाग के पास एक आम के पेड़ पर लटकती मिली ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे नायब दरोगा उमेश कुमार वर्मा ने लाश व युवक की साइकिल को कब्जे में लेते हुए पीएम रिपोर्ट के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया। मृतक युवक चार भाइयों में सबसे छोटा था ।थाना प्रभारी कुमारगंज वीर सिंह यादव ने बताया कि लाश को कब्जे में ले लिया गया है पीएम रिपोर्ट के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# ले जा रहे पशुओं को पुलिस ने किया बरामद तस्कर फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। कर्मा पुलिस द्वारा प्रातः 4.10 बजे मुखबिर



की सूचना पर मिर्जापुर सोनभद्र मुख्य मार्ग से करमा गांव की तरफ जाने वाले रोड पर गाढ़ा बंदी करके ग्राम करमा के पास से एक अदद पिकअप बिना नंबर की जिसमें 7 राशि गोवंश वध के लिए बिहार की तरफ पशु तस्करों द्वारा ले जाया जा रहा था। पुलिस के द्वारा घेराबंदी करके पकड़ लिया गया परंतु मौके से अंधेरे का लाभ उठाकर दो नफर पशु तस्कर नाम पता अज्ञात भागने में सफल हो गए,। उपरोक्त के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 63ध्22 धारा 3,5 ।, 5ठ, 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हरे पेड़ो की अंधा धुन्ध कटान जारी

शिवदयाल गंज (गोंडा) थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर इमाम गांव के खौंपुर मजरे में अवैध हरे पेड़ों की कटान की सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक मय फोर्स मौके पर पंहुचे। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने पर जांच–पड़ताल करने पर पता चला कि अवैध कटान जिस भूमि पर लगे पेड़ों पर की गई है वह भूमि खलिहान की भूमि है और काटे गए पेड़ भी प्रतिबंधित पेड़ों की श्रेणी में नहीं आते हैं। इसलिए स्थानीय लेखपाल को सूचना देने के बाद ग्राम प्रधान अमरनाथ पांडे को काटे गए पेड़ों की सुपुर्दगी कर दी गई है। इस मौके पर वन दरोगा अरुण तिवारी और वन रक्षक आर एस सोनकर भी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार का विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाली लाभार्थीपरक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्रों को समय से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि निर्माणाधीन योजनाओं को समय से पूर्ण कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने जनता की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण समयान्तर्गत किये जाने के निर्देश दियेए जिससे कोई भी शिकायत डिफाल्ट न हो। जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंश के संबंध में शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक गौवंश संरक्षण करने तथा निराश्रित गौवंश आश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने गौवंश से संबंधित विभिन्न लक्ष्यों के सापेक्ष प्राप्त उपलब्धियों की समीक्षा भी की। पात्रों के आयुष्मान कार्ड समय से जारी किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जो भी आयुष्मान कार्ड जारी किये गये हैं उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य अधूरे हैं। उनको शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जायें तथा पंचायत भवन के लक्ष्य को भी समय से पूर्ण करें। अमृत योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा सही रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर फटकार भी लगायी। उन्होंने परियोजना निदेशक डूडा से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत आवंटित किये गये आवासों के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिये। अमृत योजना की समीक्षा करते हुये उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपूर्ण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प, कौशल विकास, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआर डीए एके सिंह, जिला पंचायज राज अधिकारी मनोज कुमार, अधिशासी अभियंता शारदा नहर विशाल पोरवाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोनिका लाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला जज ने महिला व किशोर बैरक का किया निरीक्षण

सीतापुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष कुलदीप कुमार द्वितीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार को लन्चोपरान्त सुदेश कुमारी न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। सभी महिला बन्दी से वार्ता की गयी महिला बन्दियों ने बताया कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध है। दोष सिद्ध महिला बन्दियों ने भी पूछने पर बाताया कि जिला कारागार द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील कराई जा चुकी है।

सभी महिला बन्दियों को निरूशुल्क अधिवक्ता के बारे में बताया गया तथा खाने के बारे में वार्ता भी की गयी। सभी बन्दियों द्वारा बताया गया कि उन्हे समय से खाना दिया जाता है। इसके पश्चात किशोर बैरक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एक किशोर बन्दी द्वारा निरूशुल्क अधिवक्ता की मॉग की गयी। जिस पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब उक्त बन्दी का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में निरूशुल्क अधिवक्ता की मॉग हेतु प्रेषित किया जाये। जिला कारागर सीतापुर में स्थित पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया पाकशाला में साफ. सफाई सही पाई गयी। निरीक्षण के दौरान पाकशाला का सायंकाल का भोजन नियमानुसार बनते पाया गया। इसी क्रम में जिला कारागार सीतापुर में स्थित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों जेल पीएलवी द्वारा विधिक सहायता हेतु तैयार किये गये सभी रजिस्टरों की जॉच की गयी। जेल लीगल एड क्लीनिक के समस्त रजिस्टरों को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सत्यापित किया गया। जेल पीएलवी को निर्देशित किया गया कि वह सभी बन्दियों को प्रतिदिन निरूशुल्क विधिक जानकारी प्रदान करते रहें।

# विद्यालय खेल मैदान में अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान

साण्डा (सीतापुर)। ब्लॉक मुख्यालय व ब्लॉक संसाधन केंद्र सकरन सांडा की दीवारों से सटा पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा इन दिनों अतिक्रमण का दंश झेलने को मजबूर है। अवैध अतिक्रमण इस कदर है कि बच्चों के आवागमन के दौरान अप्रिय घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। इस संबंध में विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा उपजिलाधिकारी बिसवां को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय सांडा की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ब्लॉक मुख्यालय के निकट व सांडा बिसवां मुख्य मार्ग के समीप पूर्व माध्यमिक विद्यालय संचालित है। विद्यालय के निकट बहुत अज्ञात लोगों के द्वारा अवैध तरीके से अतिक्रमण करके व्यवसाय किया जा रहा है। अतिक्रमण इस तरीके से किया गया है जिसके चलते विद्यालय बाउंड्रीवाल व मार्ग पूर्ण रूप से छिप गया है। गेट छिप जाने के कारण बच्चों के आवागमन के दौरान दुर्घटना आदि अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं विद्यालय के समीप विद्यालय का खेल मैदान है। उस पर भी एक अवैध कारखाना पिछले लगभग 15 वर्षों से बिना किसी व्यवसायिक अनुमति के संचालित है। खेल मैदान में अवैध कारखाना लगा होने के कारण विद्यालय के बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं संपन्न नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं विद्यालय की इंचार्ज के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त अतिक्रमण को लेकर उनके द्वारा कई बार पत्राचार किया जा चुका है। लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा संज्ञान न लेकर विद्यालय के समीप अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। लेकिन सवाल इस बात का है कि लगभग 15 सालों से विद्यालय के खेल मैदान में अवैध रूप से कारखाना संचालित है और विद्यालय के गेट पर अतिक्रमण फैला हुआ है। अभी तक मुख्य मार्ग से समीप इस विद्यालय पर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की नजर नहीं पड़ी। जिसे यह अतिक्रमण दिखा होता और इस पर कोई ठोस कदम उठाया गया होता। जहां तक प्रश्न आता है बच्चों की सुरक्षा का तो शायद यह अधिकारी किसी अप्रिय घटना के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं। इस अवैध अतिक्रमण पर कब बुलडोजर चलेगा यह एक सवाल बना हुआ है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय गेट के साथ. साथ ब्लॉक संसाधन केंद्र के समीप व विद्यालय के खेल मैदान तक अवैध तरीके से अतिक्रमण कर व्यवसाय के साथ.साथ पक्के मकान भी बना दिए गए हैं। जिस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को सूचना की जा चुकी है।

# बकाया पैसा मांगने को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्ष को धमकाया

रेउसा (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार के पुनरू सत्ता में आने के बाद गुंडे, माफि या तख्ती लटकाकर आत्मसमर्पण करने को मजबूर हो रहे हैं तो वहीं रेउसा थाना क्षेत्र में गुण्डे, माफियाओं को प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। अभी कुछ दिनों पहले ही थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में एक दबंग मुस्लिम प्रधान प्रतिनिधि ने हनुमानजी का मन्दिर एवं चबूतरा तोड़वा दिया था। जिस पर क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की थी। लेकिन दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद है कि भाजपा बूथ अध्यक्ष को अपने पैसा मांगना महंगा पड़ गया और उसे पैसे के बदले धमकियों एवं गाली गलौज से संतोष करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र रेउसा के किशोरगंज निवासी संदीप शुक्ला जोकि भाजपा के बूथ अध्यक्ष है ने आज थाना रेउसा में एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपना बकाया पैसा जेठपुरवा गांव निवासी अनीस अहमद पुत्र जाबिर से जब मांगने गया तो शातिर दबंग किस्म के ने पैसा देने से मना कर उल्टे गाली गलौज पर उतर आया और जानमाल की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष रेउसा ओपी तिवारी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांचकर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# स्कूल चलो अभियान की रैली विधान परिषद सदस्य ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरदोई। विकासखंड कछौना में स्कूल चलो अभियान के तहत कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए, अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन के लिए स्कूल चलो अभियान के लिए जागरूकता के लिए ई रिक्शा को विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा, घर–घर सर्वे कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जाए, जिसमें समाज के बुद्धिजीवी आगे आकर शिक्षा से वंचित छात्रों का विद्यालय में नामांकन के लिए अभिभावक को प्रेरित करें। ऐसे व्यक्तियों को शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में सभी स्कूलों की बदरंग तस्वीर बदली है, सभी परिषदीय स्कूलों में चाहर दीवारी, शौचालय, पेयजल, विद्युतीकरण, खेल मैदान, पोषण वाटिका, मिशन रसोईघर, इंटरलॉकिंग, दिव्यांग शौचालय, पुस्तकालय, एचसीएल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से स्मार्ट क्लासेस आदि बुनियादी सुविधाओं का कायाकल्प हो गया है। काफी किताबें जूते मोजे ड्रेस में बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी को बंद करते हुए सरकार ने सीधे इसकी धनराशि अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर की है। जिससे माफिया गिरी बंद हो गई है। नौनिहालों बच्चों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मण्डल स्तर पर बेहतर किया है, वह बधाई के पात्र हैं। शिक्षकों के अथक प्रयास से परिषदीय विद्यालयों का परिवर्तन स्वरूप दिखाई पड़ता है। शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। एचसीएल का विशेष योगदान रहा है। खेलकूद में मेडल लाना आपके परिश्रम के बलबूते हो सका हैं। जो बच्चों ने मेडल पाए वह बधाई के पात्र हैं। जो बच्चों ने नहीं मेडल पाये, वह अपने प्रदर्शन में देखे कहां कमी रह गई, नामांकन के साथ उन्हें बेहतर शिक्षा देकर अच्छे नागरिक बनाएं। जिससे वह अपने परिवार समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें। आप सभी के अथक प्रयास से कछौना मॉडल बनाना है। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश कुमार वर्मा द्वारा खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र गुलअफशा, अंजली, दिनेश, शकील, पिंकेश, खदीजा, फूल कुमारी, किस्मती, शादियां, अनमोल, स्वाती, दर्शनी, शिवानी, जीनू, महेंद्र कुमार, कुलदीप, मोहसिना, उपासना, सबरीन, रामदेवी, मुफीद, रिया तिवारी, अजय, रचित पाल, नीलम देवी, सिम्मी सिंह, रोहित पाल, रानी पाल, दिव्यांशी, करीना, अरमान, क्रान्ति मौर्य, दीपक, रामू, जासमीन, सोहनी, प्रियांशी, सानू श्रीवास्तव आदि नौनिहालों को खेलकूद, दौड़, जूडो, हाकी, वॉलीबॉल, बैडमिंट, कबड्डी, फुटबॉल, समूह गान, टेबल टेनिस, क्रिकेट, कुश्ती, योगा में स्टेट स्तर पर नाम रोशन किया। जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गई। मंडली खेलकूद प्रतियोगिता में प्रशिक्षक व शिक्षक गण आलोक गुप्ता, आदर्श पटेल, सुनीता सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, आदर्श कुमार, कविता अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, दीप कुमार पाण्डेय, ज्योत्स्ना सिंह, प्रवीण कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, पंकज कुमार, अंजू सिंह, योगेश कुमार तिवारी, पवन कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, श्रवण कुमार कनौजिया, ज्ञानेश्वर कुमार सिंह, विकल्प श्रीवास्तव, अमन अवस्थी भवल खेड़ा शाहजहांपुर अभिषेक निषाद, अभिषेक कुमार सिंह व सेमेस्टर एआरपी व प्रबंधक समिति अध्यक्ष मोहित शुक्ला, प्राथमिक विद्यालय घनश्याम नगर आदि को मुख्य अतिथि द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों के कार्यों को सराहा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने विधान परिषद सदस्य के सामने शिक्षकों को शिक्षण कार्य में आ रही समस्याओं की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया। सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की असमानता के कारण शिक्षण कार्य काफी प्रभावित होते हैं। कई विद्यालय शिक्षकों की कमी के कारण बंद चल रहे हैं। शिक्षकों के अथक प्रयासों को सराहा, उनके अथक प्रयास से कछौना ब्लॉक प्रेरक ब्लॉक की ओर अग्रसर है। जिसमें एचसीएल समुदाय का विशेष योगदान है। एचसीएलसी मानवेंद्र सिंह, भुवाल प्रजापति व शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित ओमर ने किया।

# कुएं में डूबकर छह वर्षीय बालक की मौत

रेउसा (सीतापुर)। थाना क्षेत्र में नाना के घर आए छरू वर्षीय बालक की कुएं में डूबकर मौत हो गई। तंबौर थाना क्षेत्र के चांदी खेरा गांव निवासी नीरज कुमार का छरू वर्षीय अंकुश होली के दो दिन पूर्व रेउसा थाना क्षेत्र के बम्भिया गांव निवासी अपने नाना रामचंद्र के यहां आया था। देर शाम को बकरी को रस्सी से बांधकर घर ले जा रहा था। रस्सी को पीछे खींचते समय वह पीछे बने कुएं में गिर गया। जब तक पास पड़ोस के ग्रामीण व परिजन दौड़ कर आए और कड़ी मशक्कत के बाद उसको कुएं से बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जांच में बैंक मैनेजर और लाकर इंचार्ज पर शक गहराया,बैंक मैनेजर को हिरासत में ले लिया

कानपुर। सेंट्रल बैंक इंडिया की कराचीखाना स्थित शाखा के बैंक लाकर से जेवरात चोरी होने की वारदातों में पुलिस को जांच में बड़ी कामयाबी मिली है। अब तक हुई जांच में बैंक मैनेजर राम प्रसाद और लाकर इंचार्ज शुभम मालवीय पर ही शक गहरा गया है। एक तरह से पुलिस को पर्याप्त सबूत मिल गए, जिसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि इन दोनों अफसरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह है कि लाकर कंपनी के कर्मचारियों ने भी दोनों अफसरों को संदिग्ध बताया है। नए घटनाक्रम के बाद पुलिस ने बैंक मैनेजर को हिरासत में ले लिया है,जबकि लाकर इंचार्ज की तलाश में एक टीम प्रयागराज भेजी गई है।

मैनेजर और लाकर इंचार्ज ने ड्रिल मशीन के साथ लाकर रुम में किया था प्रवेशः लाकर से जेवर चोरी होने के मामले के पर्दाफाश में जुटी पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी फुटेज के लिए कंट्रोल रूम का डीवीआर अपने कब्जे में कर लिया था। इधर जांच में सामने आया कि 9 दिसंबर 2021 को बैंक ने निष्प्रयोज्य पड़े लाकरों को तोड़ा था। बैंक रिकार्ड चेक किया गया तो सामने आया कि उस दिन 29 लाकर तोड़े गए थे। ऐसे में पुलिस ने 9 दिसंबर 2021 का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो नजारा देख सभी दंग रह गए।

वीडियो में दिखाई पड़ा कि बैंक मैनेजर रामप्रसाद और लाकर इंचार्ज शुभम मालवीय ने ड्रिल मशीन के साथ लाकर रूम में प्रवेश किया। उनके साथ लाकर कंपनी के दो कर्मचारी भी थे। इस दौरान उनके पास एक बैग दिखाई दिया। वहीं यह भी सामने आया कि इस दौरान लाकर कंपनी के कर्मचारी लाकर रूम से बाहर आ गए, जबकि दोनों बैंक अफसर लाकर रूम में ही रहे। शक इस बात भी गहराया कि अफसर एक बैग लेकर गए थे, ताकि निष्प्रयोज्य लाकर से मिले माल को उसमें रखा जा सके, लेकिन वह जब बाहर आए तो उनके हाथ में एक नहीं दो बैग थे। इसके बाद पुलिस ने लाकर कंपनी के उन दोनों कर्मचारियों को बुलाकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि नियमानुसार लाकर तोड़े जाने के वक्त उनका वहां रहना जरूरी था, जबकि उन्हें बाहर निकाल दिया गया।

# उच्च शिक्षा में अब अच्छा प्रदर्शन कर माता–पिता, कालेज, जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करें: नितिन

## टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का सद्प्रयोग कर अपने भविष्य को उज्जवल बनायें: जिलाधिकारी

हरदोई।केन सोसायटी नेहरू पीजी कालेज की ओर से रसखान प्रेक्षागृह में डिजी योजना के अन्तर्गत टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने माता सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में मंत्री ने सीएसएन पीजी कालेज के चयनित 682 उच्च शिक्षा के छात्रध्छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रध्छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री जी ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का प्रयोग शिक्षा की तकनीकी सशक्तिकरण में लगाये और उच्च स्तरीय शिक्षा में अच्छा प्रर्दशन करते हुए अपने माता–पिता, कालेज, जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि विगत वर्षो में कोरोना काल के कारण युवाओं को उच्च शिक्षा अध्ययन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को प्रतिभान बनाने के लिए डिजी योजना के अन्तर्गत टैबलेट एवं स्मार्ट फोन उपलब्ध कराये जा रहे है ताकि वह किसी विषय एवं विभाग के सम्बन्ध में गूगल पर सर्च कर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सके। मंत्री जी ने जिलाधिकारी द्वारा सीएसएन पीजी कालेज में एक हाल निर्माण की मांग के सम्बन्ध में कहा कि हाल का स्टीमेट तैयार कराये और उनके द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने छात्रध्छात्राओं से कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का सद्प्रयोग करें और सरकारी एवं गैर सरकारी कालेज एवं विभाग के सम्बन्ध में गूगल पर जानकारी प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना ने मंत्री जी को बताया कि जनपद के 61 से अधिक छात्रध्छात्राओं का चयन टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण के लिए किया गया है जिसमें से लगभग 20 हजार छात्रध्छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा चुका है और शेष छात्रध्छात्राओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टैबलेट एवं स्मार्ट फोन का वितरण कराया जायेगा। कार्यक्रम में सीएसएन पीजी कालेज के प्रचार्य प्रो कौशलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं पत्रकार बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा कालेज की उपलब्धियों से मंत्री जी को अवगत कराया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट डा सदानन्द गुप्ता, जीडीसी महाविद्यालय के प्रचार्य डा नेत्रपाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, पत्रकार बन्धु एवं कालेज के छात्रध्छात्रायें उपस्थित रहे।

# 20 हजार की नकदी व मोबाइल चोरी

सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र के मदनापुर गांव में बीती रात एक घर में ताला तोड़कर तीस हजार की नगदी व मोबाइल चोर उठा ले गये। पीडिघ्त द्वारा गांव के ही 3 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। संतोष अवस्थी पुत्र राम कुमार बस्ती निवासी ग्राम मदनापुर मजरा बनियानी थाना सिधौली ने प्रार्थना पत्र में बताएं कि बीती रात गांव के ही सुजीत पांडे पुत्र सत्येंद्र पांडे, अंकित मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर मिश्रा, मोहित पुत्र छोटे घर स्थित दुकान पर रात के दो बजे तीन चार बार आए थे। पीडिघ्त ने बताया जब रात्रि के समय उन लोगों ने उन लोगों को सामान देने से मना करते वहां से भगा दिया। उसके बाद रात्रि में ही उसके घर में चोरी कर ली गई। पीडिघ्त ने कहा है कि जब वह सुबह 4 बजे सुबह उठा था उसने उक्त लोगों को भागते हुए देखा था। पीडिघ्त के अनुसार घर में रखे 30 हजार की नगदी चोरी हुई है। 112 पुलिस पर सूचना के बाद पुलिस गांव पहुंची थी और जहां से पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि लोगों से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# सण्डीला के 57 व बिलग्राम के 76 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण की अनुमति प्रदान की गयी: जिलाधिकारी

हरदोई।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अवगत कराया है कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अन्तर्गत जनपद के चयनित 1115 ग्रामों में से 1059 आबाद ग्राम (56 गैर आबादी ग्राम जिनको सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है) ग्राम के आबादी के क्षेत्रों की सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रियाओं के प्रयोजनार्थ अधिसूचना गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से भारत सरकार की स्वामित्व योजना के अधीन रखे जायेगें और पायलट सर्वे हेतु तहसील सदर के 10 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

उन्होने बताया कि शासन के अनुपालन में तहसीलों द्वारा ड्रोन सर्वे हेतु प्रस्तावित ग्रामों की सूची के अनुसार तहसील सदर में 160, शाहाबाद में 75, सण्डीला में 150, बिलग्राम में 75, सवायजपुर में 65 कुल 525 अधिसूचित ग्रामों को चिन्हित कर ड्रोन सर्वे कराये जाने हेतु पूर्व में अनुमति प्रदान की की जा चुकी है जिसके तहत तहसील सदर में स्वीकृत 160 ग्रामों के सापेक्ष 137 राजस्व ग्रामों में तथा शाहाबाद में 75 ग्रामों के सापेक्ष 67 ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है और उप जिलाधिकारी सण्डीला के 57 तथा बिलग्राम द्वारा 76 अवशेष ग्रामों की ड्रोन सर्वेक्षण हेतु उपलब्ध कराई सूची के अनुसार अवशेष उक्त ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण करने की अनुमति दे दी गयी है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो होंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर,न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# इन तरीकों से करें अपने मोबाइल की स्क्रीन साफ, काम होगा आसान



कोरोनोवायरस फैलने से दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। संक्रमित व्यक्ति से कोरोनावायरस आसानी से फैल सकता है।वायरस के एक से दूसरे में फैलने के लिए स्वच्छता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। हैंडवाशिंग या हैंड सैनिटाइटर जैसे सरल कदम संक्रमण से लडने में आपकी मदद कर सकते हैं। आपके हाथ दिन भर में कई सतहों को छूते हैं। अगर आप किसी भी सतह को छूते हैं जिसमें संक्रमित बूंदें हैं, तो यह आपके शरीर के अंदर वायरस को प्रवेश करना आसान बना सकता है। हैंडवाशिंग या हैंड सैनिटाइटर का उपयोग करने से आपको उस वायरस को मारने में मदद मिल सकती है जो आपके हाथों पर हो सकता है।आपका मोबाइल फोन दिन भर में कई घंटों के लिए आपके हाथों में ही रहता है। इससे संक्रमण का खतरा अधिक होता है। किसी भी सतह को छूने के बाद अपना मोबाइल फोन पकडना, जिसमें कोई भी वायरस हो, इससे वायरस फोन पर आ सकता है। वायरस के इस ट्रासफॉर्मेशन को रोकने के लिए, आपको अपने मोबाइल फोन को बार–बार कीटाणुरहित करना होगा। आइये जानें कैसे– माइक्रोफाइबर कपड़े का यूजः स्मार्टफोन या टैब की टचस्क्रीन को साफ करने के लिए हमेशा माइक्रोफाइबर कपड़े का ही इस्तेमाल करें। यह काफी सॉफ्ट होता है और इससे स्क्रीन पर स्क्रैच नहीं आती। जब आप अपने मोबाइल पर स्क्रीन गार्ड लगवाते है तो दुकानदार से माइक्रोफाइबर कपड़ा लेना न भूले। चश्मे को साफ करने में भी इसी तरह के कपड़े का यूज किया जाता है। इसमें साधारण कपड़े के मुकाबले काफी मुलायम रेशे होते हैं। बाजार में यह अलग से भी मिल जाता है। गोलाकार करें सफाईः जब आप स्क्रीन की सफाई कर रहे हो तो याद रखे कि कपड़े को स्क्रीन पर नीचे से ऊपर या ऊपर से नीचे की तरफ साफ न करें। ऐसा करने से स्क्रीन में नमी जाने का खतरा बना रहता है। कपड़े को स्क्रीन के ऊपर गोल–गोल घुमाकर साफ करें तो अच्छा होगा। इयर बडः इयर बड वैसे तो इन्हें हम कान साफ करने के लिए यूज करते हैं लेकिन जैसा की मैने आपको बताया हेडफोन जैक और यूएसबी पोर्ट जैसी जगह कपड़े से नहीं साफ की जा सकतीं इनके लिए इयरबड सबसे अच्छाक तरीका है जिसकी मदद से फोन के पोर्ट आसानी से साफ किए जा सकते हैं। की पैड है तो क्या करेंः अगर आपके फोन में की पैड और बटन हैं तो रबिंग एल्कोहहल में क्यू –टिप डुबोकर बटनों के बीच के स्थाहन को साफ करें। ध्योन रहे बहुत आराम से साफ करें। और इस बात का ध्याोन रखें कि लिक्विड फोन के अंदर न जाए। एंटीवायरल वाइपः एक एंटीवायरल वाइप का उपयोग करें या स्क्रीन पर और अपने फोन पर सैनिटाइजर की कुछ बूंदें डालें और जल्दी रगड़ें। वैकल्पिक रूप से साफ करने के लिए एक कपड़ा अपनो पास रखें। कपड़ा से फोन साफ करने के लिए कपड़े को पानी और साबुन के घोल से गीला करके आप फोन को पोंछ सकते हैं। ध्यान रखें की फोन को इस्तेमाल करने से पहले आप उसकी सफाई कर लें।

## दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा का मालदीव में दिखा स्टनिंग लुक

गर्मी का पारा जैसे–जैसे बढ़ रहा है वैसे–वैसे ही सेलेब्स मालदीव में वेकेशन मनाने पहुंच रहे है. एक के बाद एक एक्ट्रेसेस मालदीव पहुंच रही हैं और वहां से समुंदर के किनारे खूबसूरत



तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रही हैं. इस कड़ी में अब बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा का नाम भी जुड़ गया है. सोनाक्षी मालदीव में हैं और वहां से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं. मालदीव से सोनाक्षी अपनी बोल्ड एंड ब्यूटीफुल तस्वीरें शेयर कर रही हैं जो फैंस को पसंद आ रही हैं. सोनाक्षी सिन्हा तस्वीरों में हरे रंग का प्लाजो और लॉन्ग जैकेट के साथ ब्रालेट फिरोजी क्रॉप टॉप पहने दिखाई दे रही हैं. इसके साथ सोनाक्षी ने लाइट मेकअप के साथ अपनी जुल्फों को खोल रखा है. फैंस को सोनाक्षी का समर बीच लुक काफी पसंद आ रहा है. सोनाक्षी के स्टनिंग लुक की फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. मालदीव सोनाक्षी के फेवरेट हॉलीडे डेस्टिनेशन में से एक है. सोनाक्षी सिन्हा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार अजय देवगन के साथ फिल्म भुज में नजर आई थीं. वहीं आने वाले समय में सोनाक्षी, हुमा कुरैशी के साथ फिल्म डबल एक्सएल और रितेश देशमुख, साकिब सलीम के साथ काकुड़ा में नजर आएंगी.

# महेश बाबू नहीं करेंगे बॉलीवुड में काम



एक समय था जब हिंदी सिनेमा का बोलबाला था. सभी इंडस्ट्री से लोग बॉलीवुड में आना चाहते थे. लेकिन अब ऐसा समय आ गया है कि साउथ इंडस्ट्री बॉलीवुड पर हावी हो रही है. बॉलीवुड से कई स्टार्स ने साउथ का रूख लिया है. वहीं साउथ के कई सितारे ने बॉलीवुड का रूख लिया है. वहीं हालही में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू ने कुछ ऐसा किया कहा जिसे सुनकर लोग हैरानी में पड़ गए हैं.  उनका कहना है कि वो बॉलीवुड में काम नहीं करना चाहते हैं. एक्टर की फैन फॉलोइंग काफी लंबी है, उनकी फिल्मों को दर्शक खूब पसंद करते हैं. आपको बता दें, जब एक्टर हैदराबाद में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे तो उनसे सवाल किया गया कि वो हिंदी सिनेमा में काम करेंगे जिसपर एक्टर ने कहा,  हिंदी फिल्में करने की कोई जरूरत नहीं है. क्योंकि, तेलुगु फिल्में देशभर में देखी जा रही हैं, मुझे हिंदी फिल्मों में विशेष रूप से अभिनय करने की कोई जरूरत नहीं है. एक्टर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. जल्द ही एक्टर निर्देशक एस.एस राजामौली की फिल्म में नजर आने वाले हैं. वो अपने इस प्रोजेक्ट के लिए काफी खुश हैं. उन्होंने अपने इस अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर ज्यादा कुछ रिवील नहीं किया है. वैसे एक्टर हिंदी फिल्मों में अब तक नजर नहीं आए हैं. हालांकि उनकी कई फिल्में हिंदी में डब हो चुकी हैं. वहीं एक्टर की फिल्म अभिनीत सरकारू वारी पाटा 12 मई को रिलीज की जाएगी. जिसका इंतजार दर्शकों को है.




## देवी श्री प्रसाद पहले ही पुष्पा 2 के लिए 3 चार्टबस्टर गाने बना चुके हैं

पुष्पाः द राइज की शानदार सफलता के बाद, संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने बहुप्रतीक्षित सीच्ल के लिए तीन गीतों की रचना की है। खबर है कि आने वाली फिल्म पुष्पाः द रूल या पुष्पा 2 के लिए डीएसपी पहले ही तीन गाने कंपोज कर चुके हैं। चूंकि फिल्म को दो भागों में बांटने की योजना नहीं थी, इसलिए डीएसपी ने पहले कुछ गाने तैयार किए थे। निर्माताओं ने योजना को बीच में ही छोड़ दिया और फिल्म को दो भागों में बना दिया था, पहले पार्ट के लिए डीएसपी को म्यूजिक रैप करना पड़ा। एक सूत्र ने बताया कि अब जब निर्माता दूसरे भाग की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं, देवी ने अपने पहले से तैयार किए गए गीतों के लिए छोटे बदलावों पर काम किया है और अगली कड़ी के लिए तीन गाने पूरे किए हैं। पुष्पा में चंदन तस्कर के रूप में नजर आ चुके अल्लू अर्जुन पुष्पारू द रूल में और भी इंटेंस रोल में नजर आएंगे। सुकुमार ने मुथमसेट्टी मीडिया के साथ मिलकर मैथरी मूवी मेकर के बैनर तले फिल्म का निर्देशन किया है।

# सब्जी में हुए ज्यादा नमक की परेशानी को इन 5 तरीकों से करें दूर

नमक भोजन का स्वाद बढ़ाने क काम करता हैं। सब्जी ने नमक कम हो तो इसका स्वाद फीका लगने लगता हैं। हांलाकि नमक ऊपर से भी डाला जा सकता हैं और स्वाद को संतुलित किया जा सकता हैं। लेकिन परेशानी तब उत्पन्न होती हैं जब सब्जी में नामाक ज्यादा हो जाता हैं जिसे खाने में भी परेशानी होती हैं। आपके साथ भी ऐसा कई बार हुआ होगा कि अनजाने में सब्जी में नमक ज्यादा हो गया हो। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे तरीके लेकर आए हैं जिनकी मदद से सब्जी में पड़े ज्यादा नमक को कम किया जा सकता हैं। तो आइये जानते हैं इनके बारे में।

आटा करें इस्तेमालः सब्जी में नमक ज्यादा होने पर इसको कम करने के लिए आप गूंथे हुए आटे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप आटे की गोलियां बना कर सब्जी में डाल दें और इनको कुछ देर सब्जी में पड़ा रहने दें। फिर इनको सब्जी से निकाल कर बाहर कर दें। इससे सब्जी में नमक कम हो जायेगा। ये तरीका ग्रेवी वाली सब्जी और दाल का नमक कम करने के काम आएगा।



ब्रेड इस्तेमाल करेंः सब्जी और दाल में नमक ज्यादा हो जाने पर इसको कम करने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप ब्रेड के एक–दो पीस सब्जी और दाल में डालकर इनको एक मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर इनको हटा दें। इससे नमक भी कम हो जायेगा और स्वाद भी बढ़ जायेगा। भुना बेसन इस्तेमाल करेंः सब्जी में नमक ज्यादा होने पर आप भुना हुआ बेसन भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप बेसन को भून कर सब्जी या दाल में मिक्स कर दें। इससे सब्जी में नमक कम हो जायेगा। ये तरीका आप ग्रेवी और सूखी दोनों तरह की सब्जियों में इस्तेमाल कर सकते हैं। नींबू इस्तेमाल करेंः नमक कम करने के लिए आप नींबू की मदद भी ले सकते हैं। इसके लिए आप नींबू का रस निकाल कर सब्जी या दाल में मिला दें। इससे नमक भी कम हो जायेगा साथ ही स्वाद भी खराब नहीं होगा।

उबला आलू इस्तेमाल करें

उबले हुए आलू को भी आप सब्जी या दाल में नमक कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप चाहें तो उबले आलू को छीलकर दो–तीन बड़े टुकड़ों में तोड़कर सब्जी और दाल में डाल दें। पांच मिनट तक इनको ऐसे ही पड़ा रहने दें फिर निकाल कर अलग कर दें। अगर आप चाहें तो आलू को मैश करके भी सब्जी में मिक्स कर सकते हैं। इससे नमक भी कम हो जायेगा और गाढ़ापन भी आ जायेगा।

